CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

हल्द्वानी, मंगलवार 3 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभः योगी पेज 2




भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाकिस्तान को चेताया खेल टाइम्स



सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी सम्पादकीय



भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में एक करोड़ नौकरियां खतरे में पेज 12

# सिंधु जल समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत गठित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह इस अदालत की वैधता को नहीं मानता और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। जब सिंधु जल संधि को ही भारत ने स्थगित कर रखा है, तो उस संधि के तहत बनी किसी संस्था को जवाब देने की बाध्यता नहीं है।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फरवरी 2-3 को नीदरलैंड्स के पीस पैलेस में सुनवाई तय की है। साथ ही भारत के बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'पोंडेज लागबुक' दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। भारत ने इन आदेशों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने 24 जनवरी 2026 के आदेश में कहा था कि अगर भारत मौजूद नहीं रहता, तो पाकिस्तान अकेले ही सुनवाई में दलीलें देगा। इसके बाद 29 जनवरी को कोर्ट ने भारत से बगलिहार और किशनगंगा प्रोजेक्ट्स के ऑपरेशनल रिकॉर्ड मांगे। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज नहीं मिलने पर वह 'एडवर्स इनफेरेंस' यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत द्वारा संधि को स्थगित करने का फैसला कोर्ट की अधिकार-सीमा को प्रभावित नहीं करता। भारत का कहना है कि मौजूदा विवाद तकनीकी है और इसे न्यूट्रल एक्सपर्ट के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। सिंधु नदी के पानी को लेकर जब भी कोई तकनीकी विवाद होता है, तो उसे सुलझाने के लिए न्यूट्रल (निष्पक्ष) एक्सपर्ट की व्यवस्था की गई है। यह प्रावधान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में पहले से तय है। न्यूट्रल एक्सपर्ट कोई अदालत नहीं होता। वह एक स्वतंत्र और तटस्थ तकनीकी विशेषज्ञ होता है, जो पानी से जुड़े तकनीकी सवालों पर राय देता है। भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 फीसदी जमीन पाकिस्तान, 39 फीसदी जमीन भारत, 8 फीसदी जमीन चीन और 6 फीसदी जमीन अफगानिस्तान में है।



**कहाः इस अदालत की वैधता को नहीं मानते और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे**

**दस्तावेज नहीं मिलने पर वह एडवर्स इनफेरेंस यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है: कोर्ट**

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।।

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एडं मी) जैसे नाम शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बड़गाम जिले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां और आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### CBI ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 'अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरुआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है, जो सीमा पार (अंतर्राष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं।

### इंडिगो विमान के टॉयलेट में पेपर पर लिखा मिला 'ब्लास्ट'

**वाराणसी।** हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-6719 में रविवार शाम को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। विमान के लैंड करने के बाद तुरंत गहन जांच शुरू कर दी गई। जांच के बाद हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इंडिगो की यह फ्लाइट वाराणसी पहुंच रही थी, तभी क्रू सदस्य को टॉयलेट में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर कुछ लिखा हुआ था। एयरपोर्ट प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया।

# जाति जनगणना 2027 पर पीआईएल खारिज

## सुप्रीम कोर्ट का जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व- निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई -शेष पृष्ठ दो पर

**शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहाः सुझावों पर करें विचार**



### वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है।

**सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहाः वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते**

# जामिया के पूर्व कुलपति इकबाल हुसैन का निलंबन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर इक़बाल हुसैन के निलंबन को निरस्त करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ चलाई गई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने प्रोफेसर हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके निलंबन को चुनौती दी गई थी।

जेएमआई विश्वविद्यालय ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया कि उसने छह सितम्बर 2024 के निलंबन आदेश को पहले ही वापस ले लिया है और इसके लिए 20 जनवरी 2026 को एक नया आदेश जारी किया गया था। न्यायालय ने इसी बात को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रोफेसर हुसैन को उनकी अकादमिक और शैक्षिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी। साथ ही न्यायालय ने यह निर्देश दिया कि जब तक अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे एस्टेट ऑफिसर के तौर पर काम नहीं करेंगे। न्यायालय ने कहा कि विभागीय जांच डेढ़ साल से ज्यादा समय से लंबित थी और माना कि इतनी लंबी जांच से बेवजह परेशानी होती है। इसलिए, पीठ ने विश्वविद्यालय को छह हफ्ते के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। यह मामला जेएमआई की कार्यकारी परिषद के एक फैसले से जुड़ा है, जिसमें विधि संकाय के पूर्व डीन और सेवा न्यायशास्त्र के जाने-माने विशेषज्ञ प्रोफेसर हुसैन से विश्वविद्यालय के जमीन खरीदने के पहले अधिकार के बारे में राय देने को कहा गया था। प्रोफेसर हुसैन ने जमीन खरीदने के खिलाफ सलाह देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अपनी मौजूदा जमीन का सही इस्तेमाल करना चाहिए और मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अकादमिक विकास जैसी जरूरी परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन बचाने चाहिए। उनके विचार का कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों ने समर्थन किया, जिसके बाद यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय जमीन नहीं खरीदेगा। प्रोफेसर हुसैन ने परिषद के निर्देश पर काम करते हुए औपचारिक रूप से जमीन मालिक को फैसले की जानकारी दी और कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रोफेसर हुसैन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अद्वैत घोष ने अधिवक्ता अंकुर चिब्बर के साथ मिलकर कहा कि कार्यकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में: दिल्ली हाईकोर्ट**

# सोना 891 महंगा व चांदी 10,856 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में सोमवार को करीब 900 रुपये चढ़कर 1,48,644 रुपये दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम पांच बजे सोना 891 रुपये (0.60 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 1,48,644 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। पीली धातु के विपरीत चांदी 10,856 रुपये यानी 4.09 प्रतिशत टूटकर 2,54,796 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर रही। पिछले महीने सोना 1,75,000 रुपये प्रति दस ग्राम को पार कर गया था। चांदी भी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद दोनों कीमती धातुओं के दाम घटे हैं, विशेषकर चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई है। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ गए।

# ममता काली शॉल ओढ़कर सीईसी से मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं, मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया।



**बोलीं: चुनाव आयोग भाजपा का आईटी सेल है, ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा**

# यूपी के 30 जिलों में कोहरा राजस्थान व मप्र में ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता

**उत्तर भारत** का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदानी राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

- **हिमाचल के मनाली में बर्फबारी**
- **अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे**

### दिल्ली पर कोहरे व प्रदूषण की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में सोमवार सुबह हल्की धुंध देखी गई और वायु प्रदूषण सामान्य से खराब स्थिति में दर्ज किया गया। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह करीब सात बजे के आंकड़ों में द्वारका के सेक्टर तीन, छह और 10 'खराब' श्रेणी में थे, जिनका एक्यूआई 243 था। जबकि महिपालपुर (एक्यूआई 134) और मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग (एक्यूआई 118) जैसे अन्य स्थान 'सामान्य' श्रेणी में रहे। गाजियाबाद में भी 259 एक्यूआई के साथ हवा 'खराब' श्रेणी में रही।

# राहुल बोलेः चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह -राजनाथ ने टोका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा कि 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे।

राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 प्वाइंट पर लोकसभा में हुआ हंगामा**

### सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की लिखी कुछ बातें लोकसभा में बोलना चाहते थे, लेकिन इससे सरकार डर रही है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। श्री गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ 2-3 लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं। ये उनके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अंश हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 तक सम्पन्न करा लें 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को संशोधित आदेश जारी किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है।

### उप्र में 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट

# भाजपाई अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फ़ार्म-7 छापकर और नक़ली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फ़ार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फ़ार्म-7 का ग़ैरक़ानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सज़ाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फ़र्ज़ीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गांव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या ज़िला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के 'चौथे स्तंभ' की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस 'महा-घोटाले' का भंडाफोड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तान के टी-20 वर्ल्ड कप बहिष्कार को लेकर अखिलेश ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि भारत सरकार को अपनी विदेश नीति की दिशा पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के घटनाक्रम देश की वैश्विक छवि और कूटनीतिक प्रभाव को प्रभावित करते हैं, इसलिए सरकार को गंभीरता से इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मुकाबले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है और मैच नहीं खेलता है, तो उसके खिलाफ आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया। सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'केशव चाचा न्याय करो' जैसे नारे लगा रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

# डोकलाम के सच से डरी सरकार राहुल को संसद में नहीं बोलने देती

नई दिल्ली, वार्ता



■ नियम व प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोका

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार डोकलाम में जुड़े सत्य के खुलासे से बहुत डरी हुई है और अब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोक रही है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह सरकार अपनी अक्षमता के सत्य के सामने आने से इतनी डरी हुई है कि इसने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के लिए अपने सबसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का समूह बनाकर तैनात कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की पुस्तक का प्रकाशन रोकने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया है और अब जो अंश सामने आ रहे हैं वे उनकी तथाकथित राष्ट्रवादी प्रतिबद्धताओं को उजागर करते हैं। अब वे विपक्ष के नेता को घेर रहे हैं और चुप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनकी गलत व्याख्या की जा रही है। सदन तथा देश की जनता को चीन के खिलाफ संघर्ष में सरकार की हिमालई भूलों के बारे में जानने से वंचित किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा कि यह 21वीं सदी के फासीवाद का मामला है, जहां पहले जनता में असहमति को दबाया जाता है और फिर विरोधियों को चुप कराने के लिए नियमों का दुरुपयोग किया जाता है।

## उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए गए

# बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

## जिलाधिकारी और पुलिस राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े

मुंबई, वार्ता



बजट के दिन रही भारी गिरावट के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17 प्रतिशत) चढ़कर 81,666.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 262.95 अंक यानी 1.06 फीसदी की तेजी के साथ 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। बजट के दिन रविवार को विशेष सत्र में दोनों सूचकांक करीब दो प्रतिशत लुढ़क गए थे। शेयर बाजारों की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद में अच्छी लिवाली देखी गई। रुपये में तेजी से बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 41.50 पैसे की वृद्धि के साथ 91.52 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वाहनों की बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से सेक्टर में तेजी रही। तेल एवं गैस, धातु, एफएमसीजी, रियलटी, रसायन, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के समूहों में भी लिवाली हावी रही। आईटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक टूट गए। संसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में पौने चार प्रतिशत और बीईएल तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में सवा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो से तीन प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## जनवरी में फिर बढ़ी विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार

**मुंबई।** उत्पादन और नए ऑर्डरों में मजबूत वृद्धि के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार माह-दर-माह आधार पर जनवरी में एक बार फिर बढ़ गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो दिसम्बर 2025 में 22 महीने के निचले स्तर 55.0 पर रहा था, जनवरी में 55.4 दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना क्षेत्र की गतिविधियों में बढ़ोतरी को दिखाता है, जबकि इसका 50 से नीचे रहने गिरावट बताता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की विनिर्माण कंपनियों ने जनवरी में गतिविधियों में दोबार सुधार देखा। इसके पीछे मुख्य कारक थे - नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं नरमी देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 97 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 13 रुपये फिसलकर 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 228 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 182 रुपये और मसूर दाल 166 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल का भाव 133 रुपये और उड़द दाल का 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.78 प्रतिशत टूटकर 53.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। मलेशिया में बाजार बंद रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, डीडीहाट, (पिथौरागढ़)

E-mail- nagarpalikadidihat@gmail.com Fax or phone -05964232625

पत्रांक: 762/2025-2026/ दिनांक: 31/01/2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद डीडीहाट जनपद पिथौरागढ़ द्वारा आन्तरिक मार्ग सौन्दर्यीकरण एवं ई-रिक्शा की ई-निविदा वेबसाइट http://uktenders.gov.in में आमंत्रित की गई थी जिसे दिनांक 03.02.2026 को निविदा समिति के समक्ष प्रात: 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद डीडीहाट में खोली जाएगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जाति जनगणना....**

संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं। इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि जनगणना संचालन निदेशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जामिया के...**

परिषद के फैसले के मुताबिक काम करने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर द्वेष की वजह से प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रोफेसर हुसैन पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने अपील का निपटारा करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित विश्वविद्यालय अधिकारियों को तुरंत आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया।

**राहुल बोले:...** गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका। राहुल गांधी ने सदन में कहा कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमायर) को कोट किया गया है। राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। राहुल बोले 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी, तो उन्होंने आथेंटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है। राहुल ने कहा कि ये सौ प्रतिशत आथेंटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं। लोकसभा में एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। ओम बिरला ने कहा कि रक्षा मंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।

## समावेशी विकास केंद्रित दूरदृष्टि वाला बजट: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** संसद में रविवार को पेश वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की सराहना करते हुए विभिन्न संगठनों तथा इकाइयों ने इसे भविष्योन्मुखी बताया है। साख निर्धारण एवं बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल ने बजट को दूरदृष्टि वाला बताया और कहा क्रि बजट का ध्यान अब दीर्घकालीन सुधारों की ओर मुड़ गया है जिससे कारोबार की आसानी बढ़ रही है और समावेशी विकास इसके केंद्र में आ गया है। भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को नीतिगत स्थिरता को बरकरार रखने वाला बताया और कहा क्रि इसे भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार क्रिया गया है और सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, कार्बन कैप्चर यूटलाइजेशन और भंडारण, तथा महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर दिया गया है।

## कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर।

पत्रांक: 3252/भू0खनि0वि0/अ0भ0नी0-विज्ञप्ति प्र0/2025-26 दिनांक: 02 फरवरी, 2026

**विज्ञप्ति**

**भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर**

जनपद उधमसिंह नगर की तहसील बाजपुर के ग्राम गोबरा में दिनांक 31.01.2026 को विभागीय दल द्वारा किये गये औचक निरीक्षण के दौरान, ग्राम गोबरा के निकट अवैध रूप से भण्डारित उपखनिज की मौके पर पैमाइश की गई जिसमें 28229.50 घनमीटर अवैध रूप से भण्डारित पाये गये उपखनिज को नियमावली के प्राविधानानुसार खुली नीलामी के माध्यम से निस्तारित किया जाना है।

नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं द्वारा समस्त वांछित अभिलेख दिनांक 09.02.2026 को सायं 5 बजे से पूर्व तक जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वांछित अभिलेख एवं नीलामी की शर्तो एवं प्रतिबन्धों की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर के कक्ष सं0 115 में अवलोकित / प्राप्त किये जा सकते हैं।

**मनीष कुमार**
खान अधिकारी
उधमसिंह नगर।

# प्रदेश में विकास की रफ्तार को बढ़ाएगा बजट: सीएम

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में बताया महत्वपूर्ण कदम

**■ मीडिया के सामने केंद्रीय बजट की खूबियों को विस्तार से रखा**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर भारत का रोड मैप बताते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जिस तरह देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है, ये बजट उसकी रफ्तार और प्रभाव को बढ़ाने वाला साबित होगा।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को जनआकाक्षाओं के अनुरूप आत्म निर्भर भारत की दिशा मे पूर्ण बजट बताया। उन्होंने बजट को देश के भविष्य को आर्थिक सुदृढ़ता, सामा. जिक संतुलन एवं पर्यावरणीय स्थिरता जैसे तीन मजबूत स्तंभों पर स्थापित करने वाला बताया। यह बजट विकसित भारत के विजन का बजट है, जो राष्ट्र की तरक्की में कृषि, ग्रामीण विकास और कौशल निर्माण की बड़ी हुई भूमिका सुनिश्चित करता है। बजट का उद्देश्य स्पष्ट है, विकास का लाभ केवल शहरों तक ही सीमित न रहे बल्कि गाँव से लेकर सीमान्त क्षेत्रों तक समान रूप से पहुँचें। क्योंकि यह समावेशी विकास ही भारत के सामाजिक भविष्य की कुंजी है, जो हमे लोकल से ग्लोबल बनने का बजट है। सीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष की आर्थिकी का यह रोड मैप युवाओं, महिलाओं और उद्यमित. ाओं पर केन्द्रित योजनाएं पर आधारित है, जो देश को जॉब-सीकर से जॉब-क्रिएटर बनने की दिशा में ले जाने वाला है। केंद्र की सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जनसंख्या भारत की कमजोरी नही बल्कि सबसे बड़ी ताकत बनेगी। अत: यह बजट लोक कल्याण का बजट है, यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नही है। बजट में जिस तरह पर्यावरण-अनुकूल विकास, पर्वतीय राज्यों के लिए सत्त परियोजनाएं और इको-टूरिज्म पर फोकस किया गया है, वह देश के साथ उत्तराखंड के तेज विकास के साथ संतुलित एवं जिम्मेदार विकास पर आधारित होगा।

रिफोर्म से परफोर्म की ओर बढ़ते भारत का यह बजट भारत के सुरक्षित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भविष्य का रोड़ मैप है।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार तरुण बंसल, बजट प्रसार अभियान के प्रदेश समन्वयक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सुरेश जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सह प्रभारी राजेंद्र नेगी, सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु संगथानी भी मौजूद रहे।

### ऋण संबद्ध पूंजी सब्सिडी सहायता योजना शुरू करने का प्रस्ताव बेहद प्रशंसनीय

सीएम ने कहा कि जनकल्याणकरी निर्णयों के तहत 17 दवाओं, औषधियों पर मूलभूत सीमाशुल्क में छूट दिया जाना, 20 हजार से अधिक पशु डॉक्टरों की उपलब्धता, निष्जी क्षेत्र में पशु रोग विशेषज्ञ और पैरा पशु शल्य्य महाविद्यालय, पशु अस्पताल, नैदानिक प्रयोगशालाओं और प्रजनन सुविधाओं के लिए ऋण संबद्ध पूंजी सब्सिडी सहायता योजना शुरू करने का प्रस्ताव बेहद प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री धामी ने बजट का उत्तराखंड की दृष्टि से विशेष जिक्र करते हुए कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर 2026-27 में उत्तराखंड को केंद्रीय करों व योजनाओं से लगभग 23-24 हजार करोड़ मिलने की संभावना हैं। यह राशि पिछले वर्ष से 1,841 करोड़ अधिक हैं जो अतिरिक्त संसाधन आधारभूत संरचना, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देंगे।

### पर्वतीय ट्रैकिंग ट्रेल्स परियोजना से साहसिक और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा

सीएम ने कहा कि पर्वतीय राज्यों के लिए विशेष फोकस उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संतुलित विकास का संकेत देता है। उन्होंने उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए पर्वतीय ट्रेल्स की महत्वपूर्ण घोषणा का जिक्र करते हुए इसे पर्यटन, स्थानीय आजीविका और युवाओं के रोजगार को नई दिशा देना वाला बताया। पर्वतीय ट्रैकिंग ट्रेल्स परियोजना से उत्तराखंड में साहसिक और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार बढ़ेगा होम-स्टे, गाइड, ट्रांसपोर्ट और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा आई. आई.एम. के सहयोग से हाईब्रिड मोड में मानकीकृत, उच्च्च गुणवत्था वाले 12 सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के जरिए 20 पर्यटन स्थ्थलों में 10 हजार गाइडों के कौशल उन्ध्नयन के लिए प्रायोगिक योजना शुरू की जाएगी। ये सभी राज्य में युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को लेकर असीम संभावनाएं लेकर आएगा। सांस्कृतिक, आध्ध्यात्मिक और विरासत महत्व वाले सभी स्थानों के डिजिटल दस्तावेज तैयार करने के लिए नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड की स्थापना की जाएग। पर्वतीय क्षेत्रो में बादाम, अखरोट और खुमानी जैसे गिरीदार फलों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### बजट उत्तराखंड के लिए विकास के अवसरों को खोलने वाला दस्तावेज

सीएम धामी ने बजट को उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए विकास के अवसरों को खोलने वाला दस्तावेज बताया। जो राज्य में पर्यटन, रोजगार, शिक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई उड़ान भरने में सहायक होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देश के विकास, विश्वास और भविष्य निर्माण के इस बजट को हम देवभूमि में धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जहां तक टियर-2 और टियर-3 शहरों पर जोर देने की बात है तो इससे देहरादून, हल्द्वानी, रुद्रपुर, हरिद्वार जैसे शहरों को आर्थिक गतिविधियों के नए केंद्र बनने का अवसर मिलेगा। एमएसएमई ग्रोथ फंड और विरासत औद्योगिक क्लस्टर से राज्य के हथकरघा, हस्तशिल्प, आयुष, फूड प्रोसेसिंग और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा। खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्ध्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव। इससे देश व उत्तराखण्ड के बुनकरों, ग्राम उद्योगों, एक जिला-एक उत्ध्पाद पहल और ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा। यूनिवर्सिटी टाउनशिप की अवधारणा उत्तराखंड को शिक्षा, शोध और स्किल डेवलपमेंट का हब बनाने की दिशा में बड़ा अवसर है। ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट-सेंसिटिव विकास पर फोकस उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य के लिए विशेष रूप से अनुकूल है।

**उत्तराखंड में पर्वतारोहण को मिली नई उड़ान**

# 83 प्रमुख हिमालयी पर्वतों में पर्वतारोहण की राह खुली

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को ध्यान में रख उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने उत्तराखंड वन विभाग के समन्वय से पर्वतारोहण एवं साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है।

राज्य के गढ़वाल एवं कुमाऊँ हिमालय क्षेत्र की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण अभियानों के लिए खोल दिया गया है। यह निर्णय राज्य को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्वतारोहण गंतव्य के रूप में स्थापित करने तथा साहसिक पर्यटन को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत 5,700 मीटर से लेकर 7,756 मीटर तक की ऊँचाई वाली चोटियों को पर्वतारोहण के लिए अधिसूचित किया गया है, जिनमें कामेट, नंदा देवी (पूर्वी), चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली, नीलकंठ सहित अनेक अन्य प्रतिष्ठित हिमालयी शिखर सम्मिलित हैं।

**पर्यावरण व संतुलित पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा: धीराज**

सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्बयाल ने कहा, उत्तराखंड हिमालय केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि साहस, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोलने का निर्णय राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देगा। यह पहल युवाओं को पर्वतारोहण के प्रति प्रेरित करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा पर्यावरण-संतुलित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

**भारतीय पर्वतारोहियों के लिए यह होंगे नियम**

भारतीय पर्वतारोहियों को अधिसूचित 83 चोटियों पर पर्वतारोहण के लिए राज्य सरकार को किसी प्रकार का अभियान शुल्क (पीक शुल्क, कैंपिंग शुल्क, पर्यावरण शुल्क आदि) नहीं देना होगा। यह निर्णय देश के युवा पर्वतारोहियों एवं साहसिक गति. विधियों में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिया गया है। विदेशी पर्वतारोहियों को पूर्व में वन विभाग द्वारा लगाए जाने वाले अभियान शुल्क से पूर्णत: समाप्त कर दिया गया है।

# 16 फरवरी को लोक भवन कूच करेगी कांग्रेस

**■ ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था रहेगा मुख्य मुद्दा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के व्यस्ततम पलटन बाजार में सुबह सुबह सरे आम युवती की हत्या, हरिद्वार में रविदास जयंती के कार्यक्रम में दो लोगों की हत्या, ऋषिकेश में युवती की हत्या, प्रदेश के अलग अलग इलाकों में चोरी, लूटपाट व डकैती की घटनाएं एक बार फिर साबित कर रही हैं कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है।

यह आरोप सोमवार को सदस्य एआईसीसी व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह से समाप्त हो चुका है और हालत इतने बिगड़ गए हैं कि अपराधी राजधानी की पलटन बाजार जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में युवती पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर रहा है और ऋषिकेश में भी इसी प्रकार से युवती की हत्या कर दी गई और हरिद्वार में भी दिन दहाड़े रविदास जयंती पर आयोजित भंडारे में हुई गोलीबारी में दो लोगों की हत्या हो गई।

## खुले आम हो रही हत्याएं, पुलिस देख रही तमाशा: आर्य

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाए कि उत्तराखण्ड में महिलाओं की खुलेआम हत्या हो रही है और पुलिस तमाशा देख रही है।

उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून में पांच दिनों के भीतर तीन लड़कियों या महिलाओं की नृशंस हत्या हुई है। आर्य ने कहा कि , प्रदेश की राजधानी में कानून व्यवस्था के ये हाल हैं तो राज्य के अन्य हिस्सों का भगवान ही मालिक होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, 4 दिन पूर्व राजधानी देहरादून के विकासनगर में, 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाली बालिका को सुरेंद्र नाम के व्यक्ति ने निर्दयता पूर्वक दरांती से काटा।

# हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन से निपटने पर मंथन

**■ देश-विदेश के वैज्ञानिक और विशेषज्ञ देहरादून में जुटे**
**■ यूएलएमएमसी की ओर से पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते भूस्खलन जोखिम और सुरक्षित विकास की चुनौती को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र भूगर्भीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, जहां भूस्खलन, भारी वर्षा और भूकंपीय गतिविधियों के कारण निरंतर खतरा बना रहता है। नॉर्वे के भू-तकनीकी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा हिमालयी परिस्थितियों के अनुरूप ढलान स्थिरता, मृदा सुदृढ़ीकरण, सॉइल नेलिंग, जल निकासी उपायों तथा उपग्रह आधारित तकनीकों के माध्यम से जोखिम मानचित्रण पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक साझेदारी के माध्यम से ही हिमालयी क्षेत्रों में सुरक्षित विकास संभव है। कार्यशाला में यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, यूएस डीएमए के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएल एमएमसी के प्रमुख सलाहकर डॉ. मोहित पूनिया आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य**

● हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारणों और जोखिम को बेहतर ढंग से समझना। ● रेखीय विभागों के अधिकारियों और विशेषज्ञों की क्षमता बढ़ाना। ● भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण के लिए मानकीकृत और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना। ● विभिन्न संस्थानों के बीच अनुभव साझा करना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना। ● राज्य एवं विभागीय स्तर पर आपदा जोखिम प्रबंधन की क्षमता को मजबूत करना। ● लोक निर्माण विभाग सहित रेखीय विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना। ● सड़कों, पुलों और जलापूर्ति प्रणालियों के लिए सुरक्षित एवं टिकाऊ डिजाइन को प्रोत्साहित करना। ● ढलान स्थिरता, मृदा सुदृढ़ीकरण, सॉइल नेलिंग, जल निकासी जैसे उपायों की जानकारी देना। ● उपग्रह आधारित तकनीकों और भू-स्थानिक आंकड़ों के उपयोग को बढ़ावा देना। ● स्थानीय स्तर पर प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना।

# सीएम की दो टूक: कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं



**■ पुलिस का वर्क कल्चर सुधरे, आम आदमी को न सताया जाए: धामी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और जनसेवा को लेकर किसी भी प्रकार की लाप. रवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस और प्रशासन का प्रत्येक विभाग आम जनमानस के प्रति संवे. दनशील, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे।

सोमवार को सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अखिल भारतीय डीजी/आईजी सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्षों की समीक्षा करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटन प्रबंधन, राजस्व, नशा मुक्ति, अभियोजन, कारागार सुधार एवं जनशिकायत निवारण से जुड़े विषयों पर गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के खुलने के बाद राज्य में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इसे देखते हुए पर्यटकों के लिए होटल, आवास, पार्किंग, ट्रैफिक प्लान, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूरी की जाएँ। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैंची धाम बाईपास जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी। पुलिस व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना चौकिया सहित धरातल पर वर्क कल्चर में तत्काल सुधार किया जाए। आम आदमी के साथ मानवीयता, संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। निर्दोष नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की किसी भी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लैंड फ्रॉड के मामलों पर कठोर कानून बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़े अपराधों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अपराध नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक आत्ममंथन भी आवश्यक है। पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। राजस्व व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजस्व के वैकल्पिक स्रोत बढ़ाए जाएँ, सब्सिडी योजनाओं के आउटकम का मूल्यांकन किया जाए और राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

**कहा, शांति भंग करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई**

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर स्पष्ट किया कि राज्य में शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। सुरक्षा से संबंधित शिकायतों पर त्वरित और गंभीर संज्ञान लिया जाए। कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। जनशिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन जिलों में सुनिश्चित किया जाए। योजनाएँ केवल फाइलों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देनी चाहिए। योजनाओं का नियमित भौतिक सत्यापन हो तथा गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# दिनदहाड़े युवती की हत्या पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**■ भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद, पुलिस पूरी तरह नाकाम: गोदियाल**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून में मुख्य बाजार क्षेत्र के मच्छी बाजार में दिनदहाड़े एक युवती की गला काटकर की गई हत्या से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना को लेकर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला है।

गणेश गोदियाल ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाके में, जहां चौबीसों घंटे लोगों की आवाजाही रहती है और घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर मुख्य कोतवाली स्थित है, वहां इस तरह की जघन्य वारदात का होना भाजपा सरकार की विफल कानून व्यवस्था को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि वे दिनदहाड़े हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के मामले में पुलिस हर मोर्चे पर असफल साबित हो रही है। अपराधी अपराध कर आसानी से बच निकल रहे हैं और पुलिस की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। गणेश गोदियाल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि उस मामले में आज तक न तो पूरे तथ्यों का खुलासा हो पाया और न ही कथित वीआईपी का नाम सामने आ सका। इससे यह संदेह और गहराता है कि राज्य में प्रभावशाली लोगों और अपराधियों को कहीं न कहीं संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस ने इस हत्याकांड के दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर कदम नहीं उठाती है तो कांग्रेस आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

# जिला व पंचायत स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए जाएं: सीएस

**■ मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने की विकास कार्यों की जनपद्वार समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में विकासकार्यों की जनपद्वार समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय 2047 विजन डॉक्यूमेंट की तर्ज पर सभी जिलाधिकारियों को जिला एवं पंचायत स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर, खण्ड स्तर और जनपदों के विजन डॉक्यूमेंट की दिशा में शीघ्र कार्य किया जाए। इसके लिए आवश्यक वर्कशॉप भी शीघ्र आयोजित कराई जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला योजना के लिए जिला योजना समितियों को बैठकें मार्च माह तक अनिवार्य रूप से करवा ली जाएं। इसके लिए अभी से होमवर्क शुरू किया जाए ताकि योजनाओं को समय से पूर्ण करने के लिए पहले से तैयारी रहे। उन्होंने कहा कि जिला योजना में शामिल किए जाने वाले संभावित कार्यों की प्रक्रिया के पहलुओं को पूर्ण कराते हुए एस्टीमेट तैयार करवा लिए जाएँ।

मुख्य सचिव ने कहा कि उद्यान विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग को जनपद स्तर पर खरीद के लिए शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने खरीद के लिए मूल्य निर्धारण के साथ ही एक वर्ष के बजाए 2 से 3 वर्षों के लिए मूल्य निर्धारित करने जैसे उपायों का भी परीक्षण कराया जा सकता है। आमजनमानस की समस्याओं के निस्तारण के लिए यदि जिला योजना की गाइडलाइंस और नियमों में सुधार की आवश्यकता है तो किए जाने चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जन जन की सरकार में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए भी योजनाएं तैयार की जाएँ, साथ ही कार्य प्रकृति के अनुरूप जिला एवं राज्य योजना में शामिल करवाया जाए। उन्होंने राज्य सेक्टर एवं डीएपी, सीसीएस आदि की मासिक बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित कराई जाएं।

मुख्य सचिव ने आजीविका से जुड़ी सभी विभागों की योजनाओं को गंभीरता से लिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जनपद स्तर पर मासिक रूप से समीक्षा की जाए साथ ही त्रैमासिक रूप से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर इन योजनाओं की समीक्षा आयोजित की जाए।

# उत्तराखंड को रेल बजट में 4 हजार 769 करोड़ का आवंटन

## केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से पत्रकारों को किया सम्बोधित

**■ 2014 के बाद रिकॉर्ड 26 गुना अधिक हुआ उत्तराखंड का रेल बजट**
**■ उत्तराखंड में कुल 39,491 करोड़ के प्रोजेक्ट्स पर काम चालू**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री व इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौघ्द्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2009 से 2014 तक सिर्फ 187 करोड़ का बजट उत्तराखंड में रेलवे के काम के लिए आवंटित किया गया था। जबकि रेल बजट (2026-27) में उत्तराखंड को रिकॉर्ड (26 गुना अधिक रेल बजट) 4 हजार 769 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी देहरादून) में आयोजित वर्चअल प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के पत्रकारों को रेलवे बजट के संदर्भ में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार रेलवे को रिकॉर्ड 2.93 लाख करोड़ रूपए पूंजीगत व्यय का बजट आवंटन किया गया है। इस आवंटन के लिए वैष्णव ने केंद्रीय वित्त मंत्री का भी आभार जताया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बजट आवंटन का लाभ उत्तराखंड को भी मिलेगा।

वैष्णव ने कहा कि 2009 से 2014 तक सिर्फ 187 करोड़ का बजट उत्तराखंड में रेलवे के काम के लिए आवंटित किया गया था। जबकि रेल बजट (2026-27) में उत्तराखंड को रिकॉर्ड (26 गुना अधिक रेल बजट) 4 हजार 769 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

उत्तराखंड में कुल 39,491 करोड़ के प्रोजेक्ट्स पर काम चालू है और इस बड़े निवेश में राज्य में ट्रैक बनाना, स्टेशन रीडेवलपमेंट और सुरक्षा बढ़ाना शामिल है। अमृत स्टेशन योजना के तहत उत्तराखंड में कुल 11 स्टेशनों को पूरी तरह से रीडेवलप करने के लिए चयनित किया गया है। स्टेशन के आधुनिकरण के लिए 147 करोड़ का कुल निवेश किया जा रहा है।

बेहतर कनेक्टिविटी, प्रीमियम ट्रेन सेवाओं के विस्तार के अंतर्गत राज्य में 3 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं चल रही हैं और 1 अमृत भारत एक्सप्रेस की सेवा चालू है।

नेटवर्क विस्तार और 100 फीसदी विद्युतीकरण के मामले में उत्तराखंड में रेलवे नेटवर्क तेजी से बढ़ा है। 2014 से अब तक लगभग 76 किमी ट्रैक का निर्माण किया जा चुका है। राज्य ने रेलवे में 100% इलेक्ट्रिफिकेशन हासिल कर लिया है जबकि 2014 से अब तक 334 किमी रेल लाइनों को इलेक्ट्रिफाई किया जा चुका है और 106 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए।

रेलवे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब तक कुल 54 कवच स्वीकृत किए जा चुके हैं।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर बहुत तेजी से आगे काम बढ़ रहा है और जल्द ही ये अपने उद्घाटन की ओर बढ़ रही है।

# 'सांसद, विधायक केवल वोट मांगने आते हैं'

## रामपुर रोड में सड़कों की हालत पर फूटा लोगों का आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के रामपुर रोड क्षेत्र स्थित पर्वतीय मोहल्ला, गली नंबर-11, फेस-2 में सड़क व नालियों की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्ष 2014 के बाद से आज तक सड़क और नालियों का कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ, जिससे बरसात के दिनों में नालियों का गंदा पानी घरों के भीतर घुस रहा है और जर्जर सड़कों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। समाजसेवी व पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने बताया कि दुर्भाग्यवश अब तक सड़क एवं नालियों के पुनर्निर्माण के लिए कोई धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक सुमित हृदयेश, सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट और पार्षद राजेंद्र अग्रवाल केवल चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं और उसके बाद पांच वर्षों तक क्षेत्र की सुध नहीं लेते। पिछले दस वर्षों में कोई भी जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासियों की स्थिति देखने नहीं आया, जिससे जनता खुद को छला हुआ महसूस हरी है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि पूर्व में वर्ष 2014 में पर्वतीय मोहल्ले के लिए आठ महीने तक आंदोलन और संघर्ष के बाद 37 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई गई थी। इसके अलावा 7 दिसंबर 2024 को रामपुर रोड में पानी की टंकी पर चढ़कर आंदोलन करने के बाद वर्ष 2025 में तीन वर्षों के कठिन संघर्ष के पश्चात 28 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत हुई, जिसके बाद सड़कों और नालियों का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो सका था। अंजलि वर्मा ने चेतावनी दी कि पर्वतीय मोहल्ला फेस-2 की मातृशक्ति, बुजुर्ग, बहनें और स्थानीय निवासी सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। यदि शीघ्र ही सड़क व नालियों के लिए धनराशि स्वीकृत नहीं की गई और पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी मातृशक्ति और बुजुर्गों के साथ संबंधित अधिकारियों का घेराव करेंगे।



# शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को इंस्ट्रक्शनल प्लानिंग एंड डिलीवरी विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित हुआ।

इस दौरान कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने आदि को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. आरके सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा केवल विषय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावी शिक्षण योजना, नवाचारपूर्ण अध्यापन विधियां, विद्यार्थी मनोविज्ञान की समझ और आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों को अपनाना भी आवश्यक हो गया है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह शिक्षण को रोचक, सहभागी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए सक्रिय अधिगम पद्धतियों का उपयोग करें। निदेशक, बीटीकेआईटी प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संकाय सदस्यों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान की ओर से गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए निरंतर शैक्षणिक प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। यहां डा. आरके भारती, प्रो. एबी गुप्ता, डा. श्वेता रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पंतनगर विवि ने सम्मेलन में भाग लिया

**पंतनगर।** कृषि विश्वविद्यालय के डा. अमित केसरवानी ने महाराष्ट्र के 18वें अंतर-विश्वविद्यालय अनुसंधान सम्मेलन 'आविष्कार-2026' में निर्णायक मंडली में भाग लिया। यह सम्मेलन 28-31 जनवरी 2026 तक परभणी के वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें 26 विश्वविद्यालयों के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक पद्म श्री डा. एके सिंह और प्रगतिशील किसान पद्मश्री डा. श्रीरंग (दादा) लाड थे। डा. केसरवानी ने सम्मेलन के आयोजन की भव्यता और आयोजकों के परिश्रम की सराहना करते हुए इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया।

### मिलेट्स पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पंतनगर।** पंत विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 'मातृ एवं किशोर जनसंख्या में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में सुधार हेतु मिलेट्स' विषय पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. अल्का गोयल ने किया, जबकि डा. मनीषा गहलोत और डा. सीमा क्वात्रा भी उपस्थित रहीं। प्रथम दिन महिलाओं को मिलेट्स के पोषण लाभ और मातृ पोषण में उनकी भूमिका पर जानकारी दी गई, साथ ही मिलेट-आधारित केक बनाने का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय दिन किशोरियों के लिए एनीमिया की रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य में मिलेट्स के महत्व पर व्याख्यान दिया गया, और रागी चॉकलेट बनाने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. संग्या सिंह और यंग प्रोफेशनल भाव्या ने किया। प्रशिक्षण से मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ी और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

### जनता दरबार में जनसमस्याओं का समाधान

**बागेश्वर।** सोमवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याएं जैसे विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में शिकायतें दर्ज कराईं। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता न हो, बल्कि स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए और शिकायतकर्ताओं को इसकी जानकारी दी जाए। जनता दरबार के बाद, अपर जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस और जन समर्पण पोर्टल की समीक्षा भी की। अधिकारियों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण और सभी फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से भेजने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जल निगम, लोक निर्माण विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 1,290 शिकायतों में से 695 का निस्तारण

**बागेश्वर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को बागेश्वर जिले के होराली और बदियाकोट में बहुउद्देशीय शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। होराली शिविर की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी और बदियाकोट शिविर की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल ने की। शिविरों में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य, और विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याएं उठाईं। 52 शिकायतों में से 40 का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों का समाधान संबंधित विभागों से सुनिश्चित किया गया। इन शिविरों में 530 ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। राजस्व, खाद्य आपूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, और अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए, जहां ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, कृषि उपकरणों की जानकारी, और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि इस कार्यक्रम से प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास मजबूत हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि अब तक जिले में 42 शिविर आयोजित हो चुके हैं, जिनमें 24,612 नागरिकों ने सहभागिता की और 1,290 शिकायतों में से 695 का निस्तारण हो चुका है।

### भगवती मिनरल्स ने खेतों से किया खनन

**बागेश्वर।** ग्राम भीड़ी में भगवती मिनरल्स द्वारा अवैध रूप से ग्रामीणों के खेतों से खनन किए जाने की शिकायत जिला प्रशासन की। उन्होंने शीघ्र मामले की जांच कर ग्रामीणों के खेतों की भरपाई करने की मांग की है। ग्राम भीड़ी से आए ग्रामीणों में तहसील में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उनके गांव में भगवती मिनरल्स पटाधारक द्वारा उनके बिना अनुमति के 5.5 नाली भूमि ध्वस्त की गई है। जबकि उन्होंने इसका विरोध करने की कोशिश करने पर उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। पीड़ित तारा देवी पत्नी कस्तूबानन्द पांडे, हीरा देवी पत्नी त्रिलोचन पांडे के खेत पट्टा धारक ने बिना अनुमति के ही खोद डाले। पीड़ित ग्रामीणों ने जब मुआवजा देने की मांग की है।

### चिकारा व सहगल ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**काशीपुर।** बाजपुर रोड निवासी अशोक चिकारा के देहावसान के पश्चात उनके भाई राहुल चिकारा व भतीजे शान्तनु चिकारा ने तथा गिरिताल रोड निवासी रमेश चंद्र सहगल के देहावसान के पश्चात पत्नी अर्चना सहगल व उनके पुत्र संदीप सहगल एडवोकेट व पौत्र शाश्वत सहगल ने नेत्रदान की सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन दोनों की आंखें अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी बनकर उजाला फैलाएंगी। वसुधैव कुटुंबकम् काशीपुर की देखरेख में मुरादाबाद से आई सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान कार्यक्रम संपन्न किया गया। वसुधैव कुटुम्बकम् काशीपुर के संस्थापक सदस्य अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत में नेत्रदान की भारी कमी है, जहां हर साल लगभग 2 लाख कॉर्निया की आवश्यकता के मुकाबले केवल 55 हजार के आसपास ही मिल पाते हैं।

### किसानों को गन्ने की बुवाई को प्रोत्साहित किया

**काशीपुर।** गन्ना विकास विभाग द्वारा काशीपुर परिक्षेत्र के कचनाल गोसाई गांव में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार के नेतृत्व में बसंत कालीन गन्ना बुवाई के संबंध में जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। बताया गया कि ग्रीष्मकालीन धान को जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किया जा चुका है, अतः किसानों को उसके स्थान पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि गन्ने की कृषि ग्रीष्मकालीन धान का एक उत्तम विकल्प है। अभी बसंत कालीन गन्ना की बुवाई का समय है। किसान बंधु इसे लगा सकते हैं। विभाग द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में वीरेंद्र चौधरी, राजेश कुमार, राकेश कुमार सहित गन्ना विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा कृषक मौजूद रहे।




# युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजटः ठाकुर चन्द्रमोहन सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व दर्जा राज्यमंत्री ठाकुर चन्द्रमोहन सिंह ने देश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट देश के विकास की बात तो करता है, लेकिन यह आम जनमानस की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। जनता को उम्मीद थी कि इस बार का बजट उनके रोजमर्रा के संघर्षों को कम करेगा, महंगाई से राहत देगा, आय बढ़ाएगा और टैक्स का बोझ घटाएगा, लेकिन ऐसा कुछ भी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। ठाकुर चन्द्रमोहन सिंह ने कहा कि सबसे बड़ी कमी यह है कि मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर में कोई बड़ी राहत नहीं मिली। आज का आम आदमी महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और घर के खर्चों से पहले ही दबा हुआ है, और ऐसे समय में टैक्स राहत की आवश्यकता थी। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी को देश की सबसे बड़ी समस्या बताया और कहा कि बजट में रोजगार बढ़ाने की बातें तो की गई हैं, लेकिन इसका तुरंत असर डालने वाली कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। युवा वर्ग को उम्मीद थी कि उनके भविष्य के लिए सरकार मजबूत कदम उठाएगी, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं दिखे।



# 24 घंटे में गिरफ्तार हुआ हमलावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद किया। बता दें कि मुन्नी नगरकोटी निवासी ग्राम थर्प ने कांडा पुलिस थाने में लिखित तहरीर दी गई कि गांव के ही सागर सिंह नगरकोटी ने उनके पति गोपाल सिंह के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार (बडियाठ) से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना काण्डा में बीएनएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने क्षेत्राधिकारी बागेश्वर अजय साह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष काण्डा दिनेश कुमार पन्त के नेतृत्व में थाना पुलिस, एसओजी की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। आरोपी के जंगलों में छिपे होने की सूचना पर ग्राम थर्प के घने जंगलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। निरंतर पीछा करने के परिणामस्वरूप रविवार की देर शाम चार बजे अभियुक्त सागर सिंह नगरकोटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (बडियाठ) भी बरामद कर लिया है। पुलिस टीम में उ.नि. लता खत्री, उ.नि. संजय बृजवाल, हे. कानि. मदन सिंह, कानि. देवेश पाण्डे, कानि. चन्दन सिंह, कानि. हरीश गिरी कानि. कैलाश सिंह शामिल थे। मंगलवार को पुलिस में आरोपी को न्यायालय में पेश किया।



## विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** 36वां सड़क सुरक्षा माह के प्रचलित अभियान के तहत आज कोतवाली पुलिस द्वारा गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान 'पुलिस आपके द्वार' के तहत विद्यार्थियों को गुड टच, बेड टच, साइबर संबंधित अपराध, नशा मुक्ति, डायल 112, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति एप के बारे में लाभप्रद जानकारी दी गई। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, चौकी इंचार्ज कटोराताल कौशल भाकुनी, महिला उपनिरीक्षक बीना पपोला, म.का. इंदु, वंदना, का.प्रेम कनवाल रहे।

## आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप है बजट: कविता यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पूर्व पार्षद कविता यादव ने कहा कि महिलाओं के लिए बड़े गर्व की बात है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार केंद्र में 2026-27 का भारत का बजट पेश किया। उन्होंने कहा यह बजट आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक है, जिसमें नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है...आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर देना, महिलाओं के लिए हर जनपद में छात्रावास के निर्माण की व्यवस्था, नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट पेश किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा।



# ब्लैकमेलिंग में कथित पत्रकार पर मुकदमा दर्ज

## गलत वीडियो चलाकर मांगी पचास हजार की रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुंडा ब्रांच मैनेजर ने काशीपुर के यूट्यूब चैनल पत्रकार व उसके साथी के खिलाफ 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुंडा ब्रांच मैनेजर सुमन सिंह पुत्री करण सिंह ने कुंडा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि हरियावाला निवासी एक व्यक्ति तथा एक यूट्यूब चैनल के पत्रकार ने षडयंत्र के तहत उन्हें बदनाम करने के लिए एक गलत वीडियो वायरल किया। उक्त व्यक्ति ने माफीनामा लिखित में देने के बावजूद पत्रकार ने न ही वीडियो डिलीट किया और न ही कहने के बावजूद चैनल पर माफीनामा डाला। वह उनसे वीडियो डिलीट करने और माफीनामा डालने के लिए 50 हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। सुमन सिंह ने पुलिस से दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वीडियो डिलीट कराने व माफीनामा चैनल पर डलवाने की मांग की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई नवीन चन्द्र के सुपुर्द की है।

# हिन्दु संस्कारों को कायम रखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सैनिक कॉलोनी स्थित मंगल बाजार में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता बढ़ाने, सनातन संस्कृति और संस्कारों को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक दुबे और प्रमुख वक्ता आरएसएस के प्रांतीय कार्यवाह डॉ. दिनेश सेमवाल ने किया। इस दौरान गुरुकुल शास्त्रीय संगीत विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांतीय कार्यवाह सेमवाल ने कहा कि भारत की प्राचीनतम संस्कृति दुनिया-भर में दिखाई नहीं देती। हिमालय से लेकर सागर तक फैले भू-भाग पर अनेकों हिंदू देवी-देवताओं ने अवतार लेकर हमें संस्कृति और संस्कारों को विरासत में दिया है। वहीं उदासीन आश्रम के संत सुखपाल सिंह ने गुरु नानक, गुरु तेग बहादुर के विचारों से अवगत कराते हुए हिंदू संस्कृति के सोलह संस्कारों के साथ साथ अपने ज़मीर को कायम रखने की बात कही। सुरभि बंसल ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला सह प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह ने किया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, पार्षद बीना नेगी, पार्षद मयंक मेहता, पार्षद दीपा पाठक, ज्योतिर्मय बिष्ट, राजेंद्र सिंह रावत, प्रकाश नेगी, सूरज पटवाल, विक्रम सिंह गुसाईं, राधेश्याम, जरनैल सिंह घुम्मन, संजय अरोड़ा, गोविंद बिष्ट, त्रिवेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद नेगी आदि रहे।



# लोनिवि दफ्तर में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सब्जी उत्पादक गांव भल्यूड़ा तक प्रस्तावित तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण पिछले पांच वर्षों से लंबित पड़ा है। मामले को लेकर सोमवार को ग्रामीण लोनिवि कार्यालय पहुंचे। विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण खंड लोनिवि द्वारा अब तक सड़क का निर्माण नहीं किए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

उन्होंने दर्जनों बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन हर बार विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही मिले, धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के अभाव में सब्जियों को मंडी तक पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्य को रोकना पड़ा था। इसके बाद मोटर मार्ग का पुनः सर्वे कराया गया, लेकिन वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित होने के कारण मामला अटका हुआ है। प्रदर्शन करने वालों में विनय किरौला, जीवन सिंह बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, सूरज सिंह बिष्ट, गौरव सिंह बिष्ट, सागर सिंह बिष्ट, विजय सिंह बिष्ट, संजय कुमार, विजय खम्पा, जमन सिंह बिष्ट, कमल बिष्ट, सागर सिंह बिष्ट, सुजीत कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# 92 वर्ष के लक्ष्मण सिंह ने जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में अल्मोड़ा के 92 वर्षीय लक्ष्मण सिंह ऐठानी ने शानदार प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप में उन्होंने एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि पर लोगों ने खुशी जताई।



डे-केयर संस्था अल्मोड़ा के संरक्षक, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के सलाहकार और सीईओ के पद से सेवानिवृत्त लक्ष्मण सिंह ऐठानी राजस्थान में सातवीं राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के गोला क्षेपण इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो सौ मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, हेम चंद्र जोशी, डा. गोकुल रावत, चंद्र मणी भट्ट, एमसी काण्डपाल, आनंद सिंह बगडवाल, डा. जेसी दुर्गापाल, रीता दुर्गापाल, डा. अरुण पंत, गिरीश जोशी, गिरीश मल्होत्रा आदि ने खुशी जताई।

## स्व. राम सिंह धौनी ट्रस्ट की बैठक हुई

**अल्मोड़ा।** स्व. राम सिंह धौनी ट्रस्ट की सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में राम सिंह धौनी की जयंती कार्यक्रम को लेकर चर्चा के साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार दयाकृष्ण कांडपाल को संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। नगर के धारानौला में आयोजित बैठक में संस्था के सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रमों के लेकर चर्चा की। इस दौरान तय किया गया कि आगामी 24 फरवरी को स्व. राम सिंह धौनी की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। साथ ही विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएगी। वहीं, बैठक में सदस्यों ने अल्मोड़ा-लमगड़ा मोटर मार्ग का नाम स्व. धौनी के नाम पर रखे जाने की मांग उठाई। इधर, संस्था की नई कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।

# सरकारी योजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अपर सचिव प्रकाश चंद्र ने जनपद अल्मोड़ा पहुंचकर विकास भवन सभागार में केंद्र सरकार, राज्य सरकार तथा प्रमुख ध्वजवाहक कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर सचिव ने कहा कि जनपद अल्मोड़ा में पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इन संभावनाओं को चिन्हित करते हुए जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जाए, ताकि पर्यटन आधारित आजीविका के अवसरों को बढ़ाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए पात्रता की जांच, आवेदन प्रक्रिया तथा लाभ वितरण को सुचारू बनाया जाए।

अपर सचिव ने ग्राम्य विकास पर विशेष फोकस करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग हेतु योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जल जीवन मिशन के संबंध में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड स्तर पर प्रभावी निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने जनपद में योजनाओं की प्रगति से अवगत करते हुए जनपद स्तर पर आने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया। अपर सचिव ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को उच्च स्तर पर रखकर उनका समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण के एन तिवारी, जिला विकास अधिकारी एसके पंत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## दंपति से मारपीट का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के पाटिया गांव में घर में घुसकर दंपति से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित दंपति ने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई हैं। मिली जानकारी अनुसार पाटिया गांव निवासी पप्पू लाल ने कहा कि गांव के एक ही परिवार के कई लोग उनके घर में रात के समय घुस आए। कुछ समझ पाते आरोपियों ने एकाएक पत्नी और उन पर एकाएक हमला कर दिया। पत्नी को बालों से पकड़कर घसीटा गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके पर से फरार हो गए। बताया कि हमले में उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है, वर्तमान में बेस अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपियों से जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है।

# एसआइआर की तैयारी पूरी रखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड प्रकाश चंद्र ने आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ की। समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए समुचित मार्गदर्शन, पर्याप्त कार्मिक व्यवस्था तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने ईआरओ नेट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने तथा पारदर्शिता और स्पष्टता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में किए कार्यों का विवरण दिया। अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने प्रत्येक मतदाता से समन्वय, संवाद तथा पहुंच की विषय वस्तु पर जनपद के समस्त 6 विधानसभा क्षेत्रों में वर्ष 2025 के मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से किए गए मैपिंग कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में 91 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ईआरओ नेट के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक जनपद में 18703 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 15984 आवेदन निस्तारित कर दिए गए हैं तथा अन्य आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एसडीएम संजय कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत, तहसीलदार ज्योति धपवाल, नेहा धपोला सहित अन्य मौजूद रहे।



# सड़क पर उतरी भोजन माताएं

❑ सरकार और प्रशासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप
❑ बुद्धपार्क से एसडीएम कोर्ट तक निकाली रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अल्प मानदेय, अतिरिक्त कार्यभार और उत्पीड़न के विरोध में भोजनमाताओं ने सोमवार को सरकार और प्रशासन पर लंबे समय से उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व समस्त भोजनमाताएं तिकोनिया स्थित बुधपार्क में एकत्र हुए और वर्षों से चले आ रहे शोषण, उत्पीड़न और उपेक्षा के खिलाफ राज्यव्यापी हड़ताल को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद बुधपार्क से रैली निकालकर एसडीएम कोर्ट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भोजनमाताओं ने कहा कि सरकार ने जो मानदेय घोषित किया था उसे आज तक धरातल पर लागू नहीं किया है। स्कूलों में उनसे निर्धारित कार्यों के अलावा कक्षाओं और मैदानों की सफाई, चौकीदारी, माली व अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जैसे कार्य कराए जा रहे है। इसके बावजूद उन्हें न तो उचित मानदेय दिया जा रहा है और न ही सम्मानजनक व्यवहार मिल रहा है। कई विद्यालयों में रसोई, गैस, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, फिर भी समय पर भोजन उपलब्ध कराने का पूरा दबाव उन्हीं पर डाला जाता है। स्कूल खुलने से लेकर बंद होने तक उनसे काम लिया जाता है, अवकाश नहीं दिया जाता और विरोध करने पर काम से हटाने की धमकियां दी जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने घोषित मानदेय तत्काल लागू करने, भोजनमाताओं से गैर निर्धारित कार्य लेना बंद करने, न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये किये जाने, स्कूलों में रसोई, गैस, पानी व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालो में चंपा गिनवाल, पुष्पा कुड़ाई, हेमा, उमा, दीपा बिष्ट, हीरा, इंदू रैक्वाल, दीपा उप्रेती, ममता के अलावा प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महामंत्री रजनी जोशी, पछास के महासचिव महेश, चंदन, भाकपा माले से कैलाश पांडे, कांग्रेस से हेमंत साहू, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से पुष्पा, क्रालोस से मुकेश भंडारी आदि शामिल रहे।

## चमोली में खुला यूओयू का अध्ययन केंद्र

**हल्द्वानी।** शहीद जगदीश प्रसाद पुरोहित राजकीय महाविद्यालय नंदानगर जनपद चमोली में यूओयू का नया अध्ययन केंद्र खोले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस संबंध में महाविद्यालय परिसर में यूओयू एवं शहीद जगदीश प्रसाद पुरोहित राजकीय महाविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के अवसर पर यूओयू की ओर से कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, प्रो. गिरिजा पांडेय (निदेशक, आरएसडी), प्रो. एमएम जोशी (अतिरिक्त निदेशक, आरएसडी) एवं प्रशासनिक अधिकारी पीएस परिहार उपस्थित रहे। वहीं शहीद जगदीश प्रसाद पुरोहित राजकीय महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विद्या शंकर ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के बाद शहीद जगदीश प्रसाद पुरोहित राजकीय महाविद्यालय नंदानगर परिसर में यूओयू का अध्ययन केंद्र क्रियाशील हो गया है।

# रैन बसेरे की तलाश में आए युवक को लुटेरों ने लूटा

❑ आसरे की तलाश में निकले युवक को नशेड़ियों ने लूटा
❑ लक्सर से दर्शन करने गया था जागेश्वर धाम
❑ रात गुजारने के तलाश रहा था रैन बसेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रैन बसेरे में रात बिताने के लिए पहुंचे एक युवक को लुटेरों ने अपना शिकार बना लिया। पीड़ित युवक के साथ यह घटना तब हुई जब वह रात के समय रैन बसेरे की तलाश घूम रहा था। उसे रैन बसेरा तो नहीं मिला लेकिन लूटरे मिल गए। रैन बसेरे का बहाना बनाकर लूटरे उसे प्रेस टाकीज के पास रेलवे ट्रैक तक ले गए और उसे डरा-धमका कर उसकी नकदी और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पुलिस रात भर पीड़ित के साथ लूटेरों की तलाश करती रही लेकिन लूटेरों का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी।

जानकारी के अनुसार लक्सर हरिद्वार का रहने वाला एक युवक बीते शनिवार का अल्मोड़ा स्थित जागेश्वर धाम दर्शन करने के लिए गया था। हल्द्वानी वापसी के दौरान उसे काफी देर हो गई। रात ज्यादा होने पर युवक ने रैन बसेरे की तलाश शुरू की, ताकि रात गुजारने के बाद वह सुबह हरिद्वार के लिए रवाना हो सके। किसी राहगीर ने उसे राजपुरा में रैन बसेरा होने की बात कही। रैन बसेरे की तलाश में युवक राजपुरा की ओर चल दिया। यहां उसे दो युवक मिले, जिनसे पीड़ित ने रैन बसेरे का पता पूछा। दोनों युवक उसे रैन बसेरे तक पहुंचाने के नाम पर रेलवे ट्रैक तक ले गए और उसे डरा-धमका कर उसके पास रखी पांच हजार रुपए नगदी और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। जिसके बाद वह युवक रोडवेज बस अड्डे पहुंचा। यहां पर उसे एक कांस्टेबल को घटना की जानकारी दी। जिसके पास पुलिस ने पीड़ित युवक के साथ घटनास्थल के आसपास पहुंचकर आरोपियों की तलाश की लेकिन लूटेरों का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# यूओयू में तीन दिवसीय कार्यशाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एवं कामनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक रोजगार योग्यता और परिणाम-आधारित प्रबंधन ढांचा विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभाग कर रहे है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत, सेमका के निदेशक डा. बी शद्रक एवं प्रोजेक्ट सलाहकार प्रो. राजेश पी खंबायत ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पहल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य अतिथि प्रो. राजेश पी खंबायत ने कहा कि वर्तमान समय में व्यावहारिक कौशल, कार्यस्थल दक्षता और मॉड्यूलर पाठ्यक्रमों की मांग तेजी से बढ़ी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि संवादात्मक सत्रों और विशेषज्ञ चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को परिणाम आधारित शिक्षा, दक्षता मानचित्रण एवं उद्योग प्रेरित पाठ्यक्रम विकास की व्यावहारिक समझ प्राप्त होगी। उन्होंने राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क एवं राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के अनुरूप लचीले और कौशल उन्मुख पाठ्यक्रमों के निर्माण पर जोर दिया। कार्यशाला के प्रथम दिवस में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें पाठ्यक्रम मूल्यांकन, योग्यता आधारित डिजाइन एवं पाठ्यचर्या संवर्द्धन पर चर्चा हुई। धन्यवाद ज्ञापन डा. विशाल कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक, प्राध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी एवं संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# जीवात्मा का प्रतीक हैं माता पार्वती

❑ नशा करना है तो भक्ति का करें: डा. सर्वेश्वर
❑ पांचवें दिन बही शिव भक्ति की अमृतधार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में चल रही शिव कथा के पांचवें दिन महापार्थिवेश्वर हिमालयराज की शक्तिस्वरूपा पुत्री माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह प्रसंग का वर्णन किया। सोमवार को कथा स्थल पर कथाव्यास डा. सर्वेश्वर ने बताया कि माता पार्वती जीवात्मा का प्रतीक हैं, जबकि भगवान शिव साक्षात परब्रह्म परमेश्वर हैं। उन्होंने यह समझाया कि हम सभी जीवों का परमात्मा से मिलन किस प्रकार संभव है। जैसे नारद माँ पार्वती के गुरु बनकर आए, वैसे ही हमें भी जीवन में एक ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु की आवश्यकता है, जिनके सान्निध्य में हम भगवान शिव का साक्षात्कार कर सकते हैं। कथाव्यास ने समाज में प्रचलित एक धारणा का भी खंडन किया, जिसमें कहा जाता है कि भगवान शिव के विवाह में नंदी-भृंगी और अन्य शिवगण भांग की मस्ती में झूम रहे थे और लोग महाशिवरात्रि पर उसी का अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज की विडंबना है कि हम भगवान शिव के नाम पर अमृत रस को छोड़कर सांसारिक नशों का सेवन करते हैं। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जिसमें क्षण भर की भी शांति नहीं है, वही नशा है। उन्होंने यह भी बताया कि नशों के कारण आज समाज में परिवार टूट रहे हैं और रिश्तों में अशांति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि नशा करना ही है, तो वह नशा करें जो भारतीय भक्तों ने किया। ब्रह्मज्ञान का नशा, भोलेनाथ की भक्ति का नशा। गुरु-कृपा से जब हम ब्रह्मज्ञान प्राप्त करते हैं, तो हमारा मन स्वयं प्रभु नाम की मस्ती में झूम उठता है, और सांसारिक नशे हमें लुभाते नहीं हैं। कथाव्यास ने आगे कहा कि जब हम अध्यात्म के मार्ग पर चलेंगे, तो हमारी गृहस्थी भी शिव परिवार की तरह शांति, सामंजस्य और सौहार्द्र से भर जाएगी। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, राजेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सज्जन लाल वर्मा, उषा वर्मा, डा. जेआर धपोला, निर्मला धपोला, अंकित शर्मा, गीता बल्यूटिया, दिवान सिंह डोगरा, दीप्ति चुफाल, हेमंत, प्रीति आर्य, प्रमोद पंत, मनोज अग्रवाल मौजूद रहे।

# गणपति विहार में सफाई अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयासों को और गति देने के लिए नगर निगम लगातार सक्रिय है। शहर के सभी 60 वार्डों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मुख्य नगर आयुक्त



परितोष वर्मा के नेतृत्व में गणपति बिहार क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि नगर निगम और उसके सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे नगर निगम के प्रयासों का सहयोग करें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, ताकि हल्द्वानी को साफ-सुथरा और आकर्षक शहर बनाया जा सके। नगर आयुक्त ने कहा कि इस तरह के अभियान समय-समय पर पूरे शहर में चलाए जाते रहेंगे और नागरिकों की सहभागिता से ही हल्द्वानी को मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान विशेष रूप से सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर ध्यान दिया गया। साथ ही कचरा प्रबंधन और आवासीय क्षेत्रों में गंदगी रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने की गतिविधियाँ भी संचालित की गईं।

# ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

❑ फरार चल रहे अन्य ठगों की तलाश तेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले एक ठग को रामनगर पुलिस ने दबिश देकर उसके ही घर से दबोच लिया जबकि फरार चल रहे उसके एक साथी की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पकड़े गए ठग के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए रामनगर कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि हैदर अली पुत्र मखदूम अली हाल निवासी छोटा कब्रिस्तान बड़ी मस्जिद द्वारा कोतवाली में तहरीर सौंपते हुए कहा था कि अयूब अंसारी पुत्र याकूब अंसारी निवासी छोटा कब्रिस्तान बड़ी मस्जिद खाताड़ी रामनगर द्वारा अतीकुर्रहमान उर्फ अंसारी पुत्र नसीम मुल्लाह सेठ निवासी ग्राम सरखड़ा परमपुरमाफी ठाकुरद्वारा के साथ मिलकर विदेश भेजने के नाम पर 1 लाख 33 हजार की ठगी कर ली। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी लेकिन वह फरार चल रहे थे। सोमवार की सुबह रामनगर कोतवाल सुशील कुमार को मुखबिर की सटीक सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस ने ठग अतीकुर्रहमान उर्फ अंसारी पुत्र नसीम मुल्लाह सेठ निवासी ग्राम सरखड़ा परमपुरमाफी ठाकुरद्वारा के घर दबिश दी और उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सुशीला कुमार ने कहा कि फरार चल रहे अन्य ठगों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है और शीघ्र ही फरार चल रहे आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस ने आरोपी ठग के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# 463 ग्राम चरस समेत दो तस्कर पकड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने खेती-बाड़ी की आड़ में चरस की तस्करी करने वाले दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को उस समय पकड़ लिया गया जब वे रगड़-रगड़ कर निकाली गई चरस को हल्द्वानी में खपाने के लिए ग्राहक की तलाश में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों से करीब 463 ग्राम चरस बरामद की है। न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई जगवीर सिंह मय टीम के साथ गौला बाईपास रोड आंवला चौकी के पास चेकिंग कर रहे थे तभी चैकिंग के दौरान टीम ने स्कूटी संख्या यूके04एएस-1675 आती दिखाई दी। टीम को देख स्कूटी सवार भागने लगे। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए स्कूटी सवार युवको को दबोच लिया। जिनकी तलाशी लेने पर 463 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए चरस तस्करों ने अपना नाम भूपेश चन्द्र पुत्र गिरीश चंद्र निवासी ग्राम लाथी थाना कपकोट बागेश्वर व दिनेश चंद्र पुत्र ख्याली दत्त पाठक निवासी कपकोट बागेश्वर बताया। पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वे गेहूं की खेती करते हैं और उसी खेत में चरस उगाते हैं। बरामद चरस को दोनों ने अपने खेत से रगड़कर निकाला था। उन्होंने बताया वह दोनों हल्द्वानी के कुंवर कॉलोनी, धानमिल में किराए पर रहकर तस्करी का काम करते थे और ग्राहक की तलाश में थे, जब पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया। टीम में एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल लक्ष्मण राम, कांस्टेबल सुनील कुमार, मोहम्मद यासीन शामिल रहे।

# वनाग्नि रोकथाम पर प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन प्रभाग के अंतर्गत छकाता रेंज स्थित तिकोनिया वन परिसर में वनाग्निकाल-2026 के दृष्टिगत वनाग्नि रोकथाम एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए क्षमता विकास/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छकाता रेंज के आगामी फायर सीजन में तैनात किए जाने वाले फायर वाचरों सहित विभिन्न वन अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी (नन्धौर) गणेश दत्त जोशी ने वनाग्नि की संभावित कारणों, उसके दुष्परिणामों तथा शमन उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। वहीं वनाग्नि की स्थिति में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार देने के संबंध में रिसोर्स पर्सन के रूप में डा. जितिन कुमार, डा. सारस्वत सिंह एवं डा. पवन द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को आवश्यक चिकित्सकीय जानकारी दी। कार्यक्रम में आरएस राणा, कंसलटेंट जियोलॉजी एवं आपदा प्रबंधन द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यवाहियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त फायर स्टाफ ऑफिसर हल्द्वानी एमपी सिंह ने जमीनी आग, सतही आग एवं क्राउन फायर के प्रकारों की जानकारी देते हुए विभिन्न उपकरणों के माध्यम से आग बुझाने का मॉक ड्रिल भी कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वन क्षेत्राधिकारी छकाता वन क्षेत्र हल्द्वानी वन प्रभाग प्रदीप कुमार पन्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संगठन की रीढ़ हैं युवा: करण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में जिलाध्यक्ष दीपक धर्मवाल की अध्यक्षता में सपन्न हुई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों, कार्ययोजनाओं और संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला महामंत्री करण सिंह ने कहा कि आज हिंदू समाज को केवल चिंता नहीं, बल्कि संकल्प और संगठन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल केवल संगठन नहीं बल्कि हिंदू चेतना, संस्कृति और राष्ट्ररक्षा का वैचारिक आंदोलन हैं, जिसमें हर कार्यकर्ता एक सिपाही की भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि युवा संगठन की रीढ़ हैं। यदि युवा संगठित और जागरूक हो जाएं, तो कोई भी शक्ति हिंदू समाज को कमजोर नहीं कर सकती। उन्होंने बहन-बेटियों की सुरक्षा, हिंदू संस्कृति की रक्षा और राष्ट्रहित के मामलों में कोई समझौता नहीं करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई नियुकितयाँ की गईं। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद में संदीप राणा को महानगर उपाध्यक्ष और अमित गोस्वामी को महानगर महामंत्री नियुक्त किया गया। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल में जितेंद्र कुमार को महानगर अध्यक्ष और गौरव सिंह साह को महानगर मंत्री का पद सौंपा गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष आनंद पांडेय, हरीश भट्ट, मनोज कुमार, जिला मंत्री किशन बजवाल, मोहन सिंह, पंकज बिष्ट, मुकेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एचडीडीयूएस ने अनाथ और दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय देव दर्शन उत्थान समिति ने अपना स्थापना दिवस अनाथ और दिव्यांग बच्चों के साथ अत्यंत सादगी और संवेदनशीलता के साथ ग्राम नंदपुर, फतेपुर स्थित जय शारदा जन कल्याण समिति सेवालय में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को खिचड़ी और नए वस्त्र वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी देखकर सभी उपस्थित लोग भावुक हो गए। कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे मानवीय कार्यक्रम भविष्य में भी हल्द्वानी क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंच सके। बरेली से आई रश्मि जोशी और पंडित ललित मोहन जोशी ने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी देखभाल और भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। रक्षित गुरुरानी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। संस्था के निदेशक प्रेमचंद ने कहा सामाजिक सेवा समाज की जिम्मेदारी है, और हिमालय देव दर्शन उत्थान समिति का कार्य वास्तव में सराहनीय है। हिमालय देव दर्शन उत्थान समिति ने पूर्व में भी कई स्वास्थ्य शिविरों और जरूरतमंदों की मदद के प्रयास किए हैं और समाज में जागरूकता फैलाने का काम किया है। इस मौके पर नियमा बिष्ट, नीमा बिष्ट, रोहित जोशी, मीना पांडे आदि मौजूद रहे।

# नलों में आ रहा गंदा पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ग्राम कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जल संस्थान लालकुआं डिवीजन के अधिशासी अभियंता से गोरापड़ाव स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर बागजाला (गौलापार) क्षेत्र



में गंभीर पेयजल समस्या को लेकर वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने बागजाला में बुरी तरह क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की शीघ्र मरम्मत की मांग की, जिसके चलते नलों में नाली का गंदा पानी आ रहा है और ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इस अवसर पर भाकपा (माले) नैनीताल जिला सचिव डक्क कैलाश पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ पेयजल जनता का बुनियादी अधिकार है, जिसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वार्ता के दौरान जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इससे पूर्व किसान महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने गांव में सिंचाई की गूल/नहरों की मरम्मत की मांग को लेकर लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा। इस दौरान माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, किसान महासभा बागजाला सचिव वेद प्रकाश, पूर्व प्रधानाचार्य गणेश राम, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, हेमा देवी, प्रचार सचिव पंकज चौहान, चंदन सिंह मटियाली, दिनेश पांडे, प्रेम सिंह नयाल, हेमा आर्य, मंजू टम्टा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीके स्पोर्ट्स व गोल्डन ने जीते मुकाबले

❑ पृथ्वी व विवेक बने मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और तन्मय क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। तन्मय क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 31वें ओवर में तीन विकेट खोकर 204 रन बनाते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार पृथ्वी रावल को दिया गया। दिन का दूसरा मुकाबला कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुआ में गोल्डन क्रिकेट अकादमी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। गोल्डन क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में काठगोदाम क्रिकेट अकादमी की टीम 40 ओवर में 217 रन ही बना सकी और गोल्डन क्रिकेट



अकादमी ने यह मुकाबला 47 रन से जीत लिया। विवेक को मैन ऑफ-द मैच चुना गया। इस अवसर पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंत आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज स्थित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की एक बैठक इंद्र सिंह निगल्टिया की



अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यअतिथि जिला विधिक प्राधिकरण के सचिन और जिला जज पारुल थपलियाल मौजूद रही। उन्होंने समिति के सभी वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवाओं, साइबर क्राइम और भरण पोषण संबंधी विवादों पर कानूनी जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि न्यायिक प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2026 में समाज के वंचित वर्ग और 3,00,000 से कम आय वाले व्यक्तियों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक के उपरांत समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम को इस बार भी 8 फरवरी को समिति कार्यालय में किए जाने का निर्णय लिया साथ ही होली मिलन कार्यक्रम को लेकर प्रस्ताव रखा कि आगामी 2 मार्च को पर्वतीय उत्थान मंच में होली मिलन कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक का संचालन आरएस ऐरी द्वारा किया गया। बैठक में समिति के संरक्षक डीके बल्यूटिया, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह जंतवाल, विष्णु सिंह रावत, ललित मोहन लोहानी, पीडी पांडे, मदन सिंह बिष्ट, नानक चंद लोहिया, दीप चंद्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, एचएस पंत, एसके श्रीवास्तव, भगवती बिष्ट, नीरू धवन, ठाकुर सिंह अधिकारी, केडी नौटियाल, मीरा श्रोत्रिय, देवेंद्र सिंह खाती, एमसी आर्य, एडी डोर्बी, मोहन सिंह जंतवाल आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिंदुखेड़ा के एक खेत में पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से बरामद आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान की जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बिंदुखेड़ा के एक खेत में पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद एसएसआई अनिल जोशी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरा। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिससे पता चला है कि वह उत्तर प्रदेश का निवासी था और वर्तमान में रुद्रपुर के रम्पुरा क्षेत्र में रहकर कामकाज करता था। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक बाइक भी खड़ी मिली है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्म हत्या मानकर जांच कर रही है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है।

# लाखों की स्मैक के साथ महिला तस्कर को दबोचा

- **तलाशी लेने गई टीम पर नशे के सौदागरों ने किया था हमला**
- **हमले में एक मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से हो गया था घायल**
- **महिला तस्कर के कब्जे से 63.38 ग्राम अवैध स्मैक हुई बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त टीम पर नशे के तस्करों ने उस वक्त जानलेवा हमला कर दिया जब पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में सुभाष कॉलोनी क्षेत्र में दबिश दे रही थी। इस हमले में एक मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने मौके से एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 63.38 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जबकि मुख्य आरोपी समेत कई अन्य हमलावर फरार होने में कामयाब रहे।

जानकारी के अनुसार, एएनटीएफ प्रभारी राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार को नशे के खिलाफ अभियान के तहत चेकिंग कर रही थी। बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह खत्री और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ एएनटीएफ टीम जब सुभाष कॉलोनी स्थित पंडित कबाड़ी वाली गली के पास पहुंची, तो वहां कुछ संदिग्ध लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया, जिसमें अपर उप निरीक्षक अमित कुमार ने भाग रहे एक युवक की पहचान नाजिम उर्फ नदीम के रूप में की, जो पहले भी आप. राधिक मामलों में जेल जा चुका है।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नाजिम को एक टुक-टुक के पास पकड़ लिया। पकड़े जाने के डर से नाजिम ने अपने पास मौजूद एक काली पन्नी दीवार की तरफ फेंक दी। इसी दौरान अचानक गली में मौजूद भीड़ ने पुलिस टीम पर पत्थरों, ईंटों और प्लास्टिक की कुर्सियों से एकराय होकर हमला बोल दिया। छतों पर मौजूद महिलाओं ने भी पुलिस टीम पर भारी पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में एक महिला ने मुख्य आरक्षी भुवन पाण्डेय के सिर पर जान से मारने की नीयत से भारी पत्थर मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। पथराव और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी नाजिम पुलिस की पकड़ से छूटकर भाग निकला।

पुलिस टीम ने आत्मरक्षा करते हुए जवाबी कार्रवाई की और घेरा. बंदी कर मौके से हसीना पत्नी इलियास को पकड़ लिया। महिला मुख्य आरक्षी पायल ने पथराव करने वाली हसीना को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर हसीना के पास से 63.38 ग्राम अवैध स्मैक (हेराइन) और स्मैक तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। हसीना ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने देवर नाजिम के साथ मिलकर स्मैक की तस्करी करती है।

घायल मुख्य आरक्षी भुवन पाण्डेय को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में हसीना, नाजिम उर्फ नदीम, शाहरुख, इरशाद उर्फ दाऊद, सूरज, अनमोल, अफसाना, फिजा, रोशनी और फरहाना सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। मौके पर फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं और संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की गई है।

## एक नजर

# मांगों को लेकर सीईओ कार्यालय में बैठी भोजन माताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रगतिशील भोजनमाता यूनियन के हड़ताल के आहवान पर क्षेत्र की तमाम भोजनमाताओं ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

आंदोलित भोजनमाताओं का कहना था कि उत्तराखंड राज्य की मिड-डे मील योजना में कार्यरत भोजनमाताएं अत्यंत विषम परिस्थितियों में कार्य करने को विवश है। वर्षों से वह बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने जैसे अत्यंत जिम्मेदार कार्य का निर्वहन कर रही हैं, किंतु इसके बावजूद उन्हें न तो सम्मानजनक मानदेय मिल रहा है और न ही सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्य कर्ता करण। उन्होंने कहा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व में कई बार विभागीय अधिकारियों, जिला एवं खंड स्तर पर ज्ञापन एवं पत्र दिए गए, परंतु आज तक उनकी मांगों पर कोई ठोस एवं स्थायी कार्यवाही नहीं की गई। शासन द्वारा घोषित गानदेय भी अभी तक व्यवहार में लागू नहीं किया गया है, जिससे वह आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से गुजर रही हैं। इसके अतिरिक्त, अनेक विद्यालयों में भोजनमाताओं से निर्धारित कार्य के अलावा सफाई, माली, चौकीदार एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी कार्य भी कराए जा रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से शोषण की श्रेणी में आता है। कई स्थानों पर भोजनमाताओं के साथ अपमानजनक व्यवहार एवं मान. सिक उत्पीड़न की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। भोजनमाताएं स्कूल खोलने से लेकर बंद करने तक की जिम्मेदारियों को वहन कर रही हैं। जबकि सरकार द्वारा घोषित जीओ में हमारे काम के मात्र तीन घंटे तय है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेंगे और तत्काल समाधान करेंगे। इस दौरान सुनीता, बाला, मीना, दीपा, हंसी, यशोदा, संजू, प्रमिला, तुलसी, उर्मिला, कनकलता, बबीता, सुमन, कविता, गीता, ममता, बसंती, शोभा, सुनैना, सोनमती, किरन, चम्पा, शकुंतला, राजमती आदि मौजूद थीं।

# विधायक अरविंद पांडे ने बजट को बताया लाभकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** विधानसभा के तीनों मंडल गदरपुर दिनेश. पुर केलाखेड़ा का संयुक्त कार्यक्रम विधायक अरविंद पांडे के कैम्प कार्यालय, गूलरभोज पर 'बजट पर चर्चा' के आयोजन किया गया, जिसमें विकसित-आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और आर्थिक विकास की गति को और तेज करने वाले केन्द्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण उपस्थित महिला मोर्चा की कुमाऊं सयोजक अंजू भुड्डी, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा नरेश हुडिया, प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेशपुर विश्वजीत मंडल, मंडल अध्यक्ष केलाखेड़ा शशि प्रीत सिंह सहित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों के साथ लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन लगाकर लगभग 300 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ देखा।

कार्यक्रम के उपरांत प्रेस वार्ता करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने बजट को दूरगामी और दूरदर्शी बताया। साथ ही साथ उत्तराखंड के लिए इस बजट में अधिक धनराशि की भी व्यवस्था की गई है जिससे उत्तराखंड के विकास में पंख लगेंगे उन्होंने बजट के लिए सर्वस्पर्शी, जनकल्याणकारी और दूरदर्शी बजट हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एवं केंद्र सरकार का सहृदय आभार एवं अभिनन्दन व्यक्त किया।

# बाल विवाह मुक्त जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) द्वारा बाल विवाह मुक्त रथ का संचालन उधम सिंह नगर में दो फरवरी आठ मार्च तक एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से किया जा रहा है। विकास भवन के परिसर से बाल विवाह मुक्त रथ को विधायक शिव अरोरा एवं मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने उपस्थित उधम सिंह नगर के 10 बाल विकास परियोजना अधिकारी, 35 सुपरवाइजर एवं 30 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह मुक्त उधम सिंह नगर बनाने की शपथ दिलाई तथा सभी से आवाहन किया कि सभी लोग सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है हमें अपने समाज से इसे समाप्त कर आत्मनिर्भर भारत एवं सशक्त भारत की नींव को मजबूत करने में योगदान देना है। यह जगरूकता वाहन के माध्यम से समाज मे इस बाल विवाह जैसे बुराई को समाप्त करने मे काफी कारगर सिद्ध होगा।

मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी ने बताया कि बाल विवाह अत्यंत संवेदनशील विषय है जिस पर जिला प्रोबेशन द्वारा कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि 1098 पर बाल विवाह की शिकायतें प्राप्त होती हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों में आई ई सी के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। डा. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ जनपद उधम सिंह नगर के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय, सरकारी अस्पताल, तहसील एवं संवे. दनशील क्षेत्रों में जाएगी तथा जन जागरूकता कर बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने बाल विकास की टीम को सक्रिय सहयोग करने का संदेश दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बाल विवाह के रोकथाम में प्रत्येक स्तर पर सहयोग कर उधम सिंह नगर को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी बीना भंडारी, रेनू यादव, परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी, संगीता ,बिंद्रा तिवारी, शर्मिला, अजय, रवींद्र वर्मा इत्यादि उपस्थित हुए।

# भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा में विद्यार्थियों का दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के लिए विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तराखण्ड के द्वारा आयोजित भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा 2025-26 में बहुत ही उत्साह से प्रतिभाग किया गया।



परीक्षा प्रभारी डॉ. शरद भट्ट ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 213 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें से 124 छात्र छात्राओं ने 31जनवरी को परीक्षा केन्द्र रामनगर महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक परीक्षा के लिए उपस्थित हुए। परीक्षा समय 10 से 12 बजे तक रहा। परीक्षार्थी छात्र छात्राओं ने बताया कि परीक्षा में कला , विज्ञान एवं वाणिज्य आदि से संबंधित भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत प्रथम भाग में कुल 18० बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए,जिनमें 80 प्रश्नों के उत्तर देना था।द्वितीय भाग में विस्तृत उत्तरीय 20 अंकों के प्रश्नों में से एक का उत्तर लिखना था। उन्होंने कहा कि दोनों ही प्रकार की परीक्षाओं में हमारे ज्ञान को बढ़ाने वाले प्रश्न रहे। डॉ. सुभाष पोखरियाल ने बताया कि प्रतिभागियों को परीक्षा के बाद प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान कर दिये गये हैं। डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल द्वारा सूचित किया गया कि प्राप्त जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन एवं परीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय और सांत्वना स्थान पर विजेताओं का निर्धारण कर परीक्षाफल कुछ दिनों में घोषित करके पुरस्कृत किया जाएगा। यहां प्राचार्य प्रोफेसर एमसी. पाण्डे, डा. मूलचंद्र शुक्ल, परीक्षा प्रभारी डॉ. शरद भट्ट , डॉ नीमा राणा, डॉ.सुभाष पोखरियाल, डॉ मनोज नैनवाल, डॉ हेमचंद्र भट्ट , प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक खाती आदि मौजूद थे।

# शिविर में कई समस्याओं का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की दो न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए।

न्याय पंचायत क्वींटी, रा.इ.का. तेजम, विकासखण्ड मुनस्यारी में आयोजित शिविर की अध्यक्षता आशीष पुनेठा, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा की गई। शिविर में 28 जनप्रतिनिधियों एवं 70 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 310 नागरिकों ने प्रतिभाग किया तथा 379 लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में प्राप्त 35 शिकायतों का मौके पर ही शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया।

इसी दिन न्याय पंचायत देवल, आईटीआई मैदान अस्कोट, विकासखण्ड कनालीछीना में आयोजित शिविर की अध्यक्षता श्रीमती खुशबू पाण्डेय, उप जिलाधिकारी द्वारा की गई। इस शि. विर में 32 जनप्रतिनिधियों एवं 61 अधिकारियों/ कार्मिकों की उपस्थिति रही। लगभग 563 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा 602 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के आरोपी को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर कोतवाली पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 100000 रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में पिछले करीब तीन वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की।

रामनगर के मोहल्ला खताडी निवासी हैदर अली द्वारा कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उसी के इलाके में रहने वाले अयूब अंसारी एवं उत्तर प्रदेश के ठाकुर द्वारा निवासी अतिकुर रहमान वर्क अंसारी द्वारा उसे विदेश भेजने के नाम पर उसे धोखाधड़ी कर 133000 की ठगी की गई थी इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अयूब अंसारी को पूर्व नहीं गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की थी। मामले की विवेचना कोतवाली के उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा को सौंपी गई थी। उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा द्वारा फरार चल अतिकुर रहमान को गिरफ्तार करने के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं चला इस मामले में उप निरीक्षक तारा सिंह राणा द्वारा बीते दिवस रविवार को फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। मामले में सीओ सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी अतिकुर रहमान करीब तीन वर्ष से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट से वारंटी भी जारी हुआ था, लेकिन हर बारी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था, लेकिन इस बार पुलिस ने मूकबीर की सटीक सूचना पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बालक वर्ग में कोलम्बस और बालिका वर्ग में जेसीज का दबदबा

## कोलम्बस स्कूल में आयोजित हुई अंडर-14 अंतर्विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**







**रुद्रपुर।** स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में विद्यालय के इंटरैक्ट क्लब द्वारा आयोजित अंडर-14 अंतर्विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में पंतनगर कृषि महाविद्यालय के पूर्व-कुलपति डा. बीएस बिष्ट जीने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

प्रात: सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने सभी मौजूद विशिष्ट अतिथियों संगहवा में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना व अनुशासन के साथअपने सभी मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करते हुए खेल का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत मायने नहीं रखती, बल्कि खेल के प्रति समर्पणसबसे महत्वपूर्ण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों की 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 144 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया किप्रतियोगिता केबालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में कोलंबस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अद्भुत खेल का प्रदर्शन कर स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल की टीम को परास्त करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

वहीं बालिका वर्ग में खेले गए फाइनल मुकाबले में जेसीज पब्लिक स्कूल विजेता और कोलं. बस पब्लिक स्कूल उपविजेता स्थान पर रहा। समापन समारोह के दौरान विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सोहेल खान, नयोनिका भट्ट, अनुज बिष्ट, तान्या तिवारी, माधव कथूरिया व अस्मि घुघतियाल को ट्रॉफी भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल को टूर्नामेंट के दौरान सर्वश्रेष्ठ अनुशासन के लिए ट्रॉफी भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रोटेरियन मनोज अग्निहोत्री, रोटेरियन सुनील सोनी, रोटेरियन अतुल गुप्ता, रोटेरियन मदन अग्रवाल, रोटेरियन नीरज पांचाल, रोट्रैक्टर माधव मनोज खेड़ा, उपप्रधानाचार्या डा. कामेश मित्तल, कोलम्बस स्कूल की क्लब सलाहकार डा. परविन्दर कौर, सह-सलाहकार रिद्धि कोचक एवं समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अवैध खनन में चार वाहनों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज के कोसी नदी में अवैध खनन में चार वाहनों को पकड़ा है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि रामनगर रेंज के कटिया पुल गेट खनन क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने औचक छापा मारा गया। छापे के दौरान मौके से एक डंपर व एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से खनन निकासी करते हुए पकड़ा गया। वाहनों को कटिया पुल चौकी परिसर में खड़ा कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी रामनगर के नेतृत्व में रामनगर रेंज के कोसी नदी क्षेत्र के औचिक निरीक्षण के दौरान कठियापुल से एक ट्रैक्टर ट्रॉली व एक डंपर को बिना रायल्टी व बिना प्रपत्र के आरबीएम ले जाते पकड़ा गया। कठियापुल चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया।

# 44 लाभार्थियों को बांटे पीएम आवास योजना के स्वीकृति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** नगर पालिका परिषद के सभागार में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के वित्तीय सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के गरीब एवं मध्यम वर्गीय चयनित 44 परिवारों को आवास बनाने हेतु 275000 रुपये धनराशि के स्वीकृति पत्र बांटे गए।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी लाभार्थियों के खाते में जल्द ही 20000 रुपये धनराशि की प्रथम किस्त डाल दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी लाभार्थियों को मानक के अनुसार आवास बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मानक और निर्धारित समय पर कार्य करने वाले लाभार्थियों के खाते में नियमानुसार योजना की सारी धनराशि डाली जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इस योजना को गरीबों तक पहुंचाने हेतु प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ मिलने पर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे तथा सभी लाभार्थियों ने स्वीकृति पत्र पाकर प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, आंचल सिंह, आक. ाश राणा, बलबीर सिंह पोखरिया, संतोष सिंह, सुनील सिंह, संजीत कुमार आदि सहित कई सभासद एवं नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मिला बड़ा उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** कार्यालय नगर पालिका परिषद सितारगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त की धनराशि उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने की सूचना दी। पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को आवास प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और हमें खुशी है कि आज हम इस योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद सितारगंज की ओर से हम लाभार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को आवास प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद सितारगंज प्रतिबद्ध है और हम इस योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर सभासद दीपक गुप्ता, रीतू गहतोड़ी, कंचन चौहान, रवि रस्तोगी,चंदन श्रीवास्तव,सतीश उपाध्याय, शिवपाल चौहान, इस्माइल, अमित गंगवार , राजेश अरोरा , सुभाष सिंह गुसाई, करन सिंह सोम, प्रमोद सिंह एवं योजना लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरी भोजन माताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भोजन माताओं के द्वारा रामनगर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदेश सरकार पर अपनी उपेक्षा व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तो वहीं एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा।



सोमवार को मोहल्ला लखनपुर स्थित शहीद पार्क में भोजन माता संगठन की हुई बैठक में वक्ताओं ने सरकार से शीघ्र अपनी मांगे पूरी करने की बात कहीं। मोहल्ला लखनपुर से लेकर तहसील परिसर तक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। भोजन माता संगठन की अध्यक्ष शारदा देवी ने बताया कि पूरे प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर संगठन द्वारा लंबे समय से धरना प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी आज तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भोजन माताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने के साथ स्कूलों में बच्चों की कम संख्या के बाद निकाली गई भजन माताओं को वापस लिया जाए और स्कूलों में बाहर से आ रहे भोजन को बंद करने के साथ ही सरकार द्वारा घोषित 5000 न्यूनतम वेतन को लागू करने के साथ ही 18000 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज एक दिन की हड़ताल के बाद यदि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि आप भोजन माताएं अपना उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगी। भोजन माता संगठन रामनगर अध्यक्ष शारदा देवी, सुशीला देवी, विमला देवी, नंदी देवी, तुलसी देवी, शशि देवी, मंजू देवी, कमला देवी आदि मौजूद रहे।





# गैलरी वॉक में बिखेरा ज्ञान का भंडार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सितारगंज। किड्जी एंड दि एपेक्स स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में गैलरी वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सरोज बोरा एवं काउंसलर प्रियंका श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

बच्चों ने सौर-मण्डल, डी.एन.ए., संवाद, मापन विधि और शब्द-भेद जैसे विषयों पर मॉडल और नाटक के माध्यम से जानकारी दी। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल और नाटक ने उपस्थित लोगों को आकर्षित किया और उन्हें ज्ञान के नए आयामों से रूबरू कराया। सितारगंज शहर के लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की और विद्यालय एवं बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त करते हैं। विद्यालय के संचालक हेमन्त बोरा ने कहा, यह कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी रहा और उन्हें अपने ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

# समस्याओं का त्वरित किया जाए समाधान: सीडीओ

**सीडीओ की जनसुनवाई में गूंजे जन सरोकार, समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी की अध्यक्षता में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 49 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 30 शिकायतों का समाधान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई में पेयजल, सड़क निर्माण व डामरीकरण, विद्युत, स्वास्थ्य, क्लॉक टावर की मरम्मत, नगर क्षेत्र में शौचालयों की सफाई, पेयजल लाइन, मानदेय भुगतान, मलबा निस्तारण सहित अन्य विभिन्न शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान बसंत राम, निवासी आठगांव (पोस्ट शिलिंग) द्वारा विद्युत बिल के संबंध में अवगत कराया गया कि वे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं तथा विकलांग हैं। उनके नाम विद्युत संयोजन संख्या PT21722016659 के अंतर्गत 21,713 का बिल आया है, जिसका भुगतान करने में वे असमर्थ हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्रामवासी टुंडी-बारमौ द्वारा बारमौ से टुंडी सड़क के डामरीकरण की मांग रखी गई, जिस पर डॉ. सैनी ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। पंप चालकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके क्षेत्र में ड्न्डोखोला पेयजल योजना का निर्माण किया गया था, जिसमें पंप संचालन एवं पेयजल वितरण का कार्य वे 01 जनवरी 2025 से कर रहे हैं। लगभग 13 माह बीत जाने के बावजूद उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान दिनेश सिंह बिष्ट द्वारा नैनीसैनी क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों की ओर से नैनीसैनी-कुमडार मोटर मार्ग की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के मामले में त्वरित संज्ञान लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने हेतु जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके उपरांत स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित विचारयुक्त खबरों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता मिलन कार्यक्रम में आई दर्जनों शिकायतें, कई का मौके पर निस्तारण



**सीडीओ डा. जीएस खाती की अध्यक्षता में हुआ आयोजन, एडीएम केएन गोस्वामी रहे मौजूद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला कलेक्ट्रेट में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनता मिलन कार्यक्रम के तहत आज जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अनुपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने की। इस दौरान जिला प्रशासन ने आम जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

जनता मिलन कार्यक्रम में विद्युत, आवास, आर्थिक सहायता, सड़क सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभागों को समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने कार्यक्रम में कुछ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता मिलन कार्यक्रम जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण मंच है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान कर उन्हें राहत दी जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, एसडीएम सदर अनुराग आर्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे और जन समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक नजर...

## बीडीसी बैठक में कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विकास खण्ड रुद्रपुर के सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख रीना गौतम की अध्यक्षता में बीडीसी बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम पिछली बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विभागवार चर्चा की गई।

पंचायतीराज विभाग के कार्यों पर चर्चा की गई एवं जिला पंचायत राज अधिकारी, ऊधमसिंह नगर विद्या सिंह सोमनाल के द्वारा पंचायतीराज विभाग की योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। उसके बाद शिक्षा विभाग एवं उत्तराखण्ड पेयजल निगम और जल सस्थान को पिछली बैठक में उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण जनप्रतिनिधियों द्वारा अत्यधिक रोष व्यक्त किया गया एवं विभाग को जल्दी ही समस्याओं के निस्तारण के लिए कहा गया। इसके बाद सिंचाई एवं लघु सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वजल विभाग, आदि विभागों के कार्यों पर चर्चा की गयी। बैठक में क्षेत्र पंचायत प्रमुख रीना गौतम, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय सिंह, नोडल अधिकारी मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव, मंत्री के प्रतिनिधि जितेन्द्र गौतम, विधायक प्रतिनिधि साहब सिंह, खण्ड विकास अधिकारी असित आनन्द, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, अन्य विभागीय अधिकारी एवं विकास खण्ड रुद्रपुर के प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने की प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्यों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओखलकाण्डा।** विकासखण्ड के ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली के निर्देश एवं मार्गदर्शन में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार, गलनी (खनस्यूं) में विकासखण्ड के समस्त हाईस्कूल एवं इण्टर कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त विद्यालय प्रमुखों द्वारा परस्पर संवाद करते हुए विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय भवनों की वर्तमान स्थिति, छात्रों के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि एवं उसके समुचित उपयोग, पतलोट एवं भीड़ापानी के पीएम श्री विद्यालयों में विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त बजट के उपयोग तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रुवाली ने कहा कि पंचायती राज अधिनियम में वर्णित 29 विषयों के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुखों द्वारा अपने-अपने विकासखण्डों में विभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिससे विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय बना रहता है और कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पहाड़ी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने में शिक्षकों एवं



विद्यालय प्रमुखों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप सभी अपने अनुभव, समर्पण और बौद्धिक क्षमता के माध्यम से ओखलकाण्डा विकासखण्ड को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु विद्यालय प्रमुखों से सुझाव भी आमंत्रित किए तथा कहा कि वर्ष में दो बार इस प्रकार की शिक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी विद्यालयों एवं पीएम श्री विद्यालयों को प्राप्त बजट के पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समस्त हाईस्कूल एवं इण्टर कॉलेजों के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## शहीद के परिवार की 125 एकड़ खड़ी फसल रौंदी

**मामला विधानसभा एवं सीएम के समक्ष उठाकर न्याय की मांग करूंगा: भुवन कापड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शहीद हरिकिशन तलवार के परिवार की लगभग 125 एकड़ भूमि पर खड़ी फसल को पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में बिना नंबर के लगभग 20 से अधिक ट्रैक्टरों से रौंदने के मामले में उप नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी ने गहरी चिंता व्यक्त की है।

विधायक कापड़ी ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि मामले को प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और विधानसभा सत्र में उठाकर मांग करेंगे कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि क्षेत्र में उत्पन्न असुरक्षा एवं भय के वातावरण से लोग उबर सकें। उप नेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने कहा कि कृषि एवं रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले किसान किरन तलवार की लगभग 125 एकड़ में खड़ी सरसों, मटर, गन्ना एवं गेहूं की फसल पुलिस एवं प्रशासन की उपस्थिति में रौंदकर अन्य को कब्जा दिलाया जाता है। फसल जोतने वाले ट्रैक्टर नंबर विहीन थे। स्थानीय प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित किया था तो उनको सार्वजनिक करना चाहिए था। 145 की कार्रवाई



कर खड़ी फसल को सुरक्षित करना चाहिए था। इस मामले का सरकारी खर्च भी जमा करना चाहिए था। भारी पुलिस बल को साथ लेकर प्रशासन ने 60 से 70 वर्षों से काबिज किसान की फसल को बर्बाद कर कब्जा हटाने का कार्य किया।

उपनेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने कहा कि यह मामला नेपाल से लगी सीमा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के घर से लगे गांव का है। जब सीएम साहब के घर के गांव में इस प्रकार की दबंगई चल रही है तो प्रदेश में सुरक्षा की कौन उम्मीद कर सकता है। घटना के समय मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मीडिया एवं लोगों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। अधिकारियों के फोन स्विच ऑफ थे अथवा रेंज से बाहर बताये जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले की सीएम से निष्पक्ष जांच की मांग करने व मामले को विधानसभा में उठाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को सांसद प्रतिनिधि के कैम्प कार्यालय पर बाजपुर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव के नेतृत्व में विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।



इस अवसर पर युवा मोर्चा के शुभम पाण्डेय, महिला मोर्चा की कुसुम सैनी, एससी मोर्चा के सूरज सागर, एसटी मोर्चा के मनोज कुमार, किसान मोर्चा के हरदेव सिंह, ओबीसी मोर्चा के विनोद यादव तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के इकराम अली को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति एवं तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन की एकजुटता और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## केशवनगर में दो टाइल्स मार्गों का गित्ते ने किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद बाजपुर के वार्ड संख्या 06, मोहल्ला केशवनगर में सोमवार को दो टाइल्स मार्गों का शिलान्यास नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



पहला टाइल्स मार्ग वेद प्रकाश चौहान के मकान से प्राइमरी स्कूल मार्ग तक, जिसकी लंबाई लगभग 150 मीटर है, जबकि दूसरा टाइल्स मार्ग राहुल शर्मा (कोटे वाले) के मकान से भैरव दत्त शर्मा के मकान तक, लगभग 100 मीटर लंबा होगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि नगर का कोई भी कोना विकास से वंचित नहीं रहेगा। नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मोहम्मद आसिफ, हामिद हुसैन, इसरार अली, विवेक पांडे, अंजना पांडे, हेमंत पांडे, सुरेंद्र चौहान, किशोरी सिंह चौहान, विनोद सिंह चौहान, सुरेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, दिनेश शर्मा, भैरव दत्त शर्मा, योगेंद्र शर्मा, विश्वजीत सिंह चौहान सहित ठेकेदार वाजिद अली व अब्दुल नबी समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब के साथ एक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अवैध मादक पदार्थों तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देश के क्रम में खटीमा थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में सोमवार को होटल बेस्ट व्यू के पास से अवैध कच्ची शराब का परिवहन करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वहीं पकड़े गए अभियुक्त मोतीराम पुत्र स्वर्गीय रघुवीर सिंह यादव निवासी ग्राम दोधेरा पोस्ट/तहसील/थाना फरीदपुर, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी पकड़िया, थाना झनकईया, खटीमा के पास से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, आरक्षी दीपक कुमार तथा राजेंद्र शामिल रहे।

## मनरेगा पर प्रहार के खिलाफ कांग्रेस का फूटा गुस्सा

**कलेक्ट्रेट कूच पर पुलिस से भिड़ंत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मनरेगा योजना के स्वरूप से छेड़छाड़ के विरोध में आज सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट की ओर कूच कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही जबरन रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे



माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्वयं जिलाध्यक्ष फर्त्याल पुलिस से भिड़ भी गए।

प्रदर्शन में शामिल पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री निर्मला गहतोड़ी ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक जुलूस को रोकना भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार देने वाली मनरेगा योजना को कमजोर कर गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता से उसका हक छीना जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय बजट को भी गरीब विरोधी और जनविरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर जनता को ठगने का काम कर रही है। प्रदर्शन में खीम सिंह, लोकेश पांडे, विमल पांडे, जीवन बिष्ट, अभिषेक, नीरज वर्मा, संजय कुमार, उमेश शर्मा 'नन्नू', मनीष महार, दीपक रंसवाल सहित चार दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हालात को संभालने के लिए एसडीएम सदर अनुराग आर्या भी मौके पर पहुंचे और आंदोलनका. रियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के साथ की जा रही छेड़छाड़ बंद नहीं हुई तो जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## संदिग्ध हालात में चली गोली, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुलिस को बिना सूचना निजी अस्पताल में भर्ती, जांच में उलझे सवाल**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरसान में रविवार देर शाम गोली चलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली से एक युवक घायल हो गया। लेकिन परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराए जाने से मामला और भी रहस्यमय हो गया है।

बताया गया कि हरसान निवासी युवक रविवार शाम करीब छह बजे अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान अचानक गोली चल गई और उसके छर्रे युवक की जांघ में जा लगे। जिससे वह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजन उसे उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जबकि स्थानीय पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। अस्पताल से फायरिंग की सूचना मिलने पर बाजपुर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने अस्पताल जाकर घायल युवक के बयान लेने का प्रयास किया, लेकिन सूत्रों के अनुसार युवक जांच में सहयोग नहीं कर रहा है और उसके बयान लगातार बदल रहे हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच और आसपास के लोगों से मिली जानकारी में सामने आया है कि घटना के समय युवक का एक इंस्टाग्राम दोस्त उसके घर पर मौजूद था। बताया जा रहा है कि उसकी लाइसेंसी पिस्टल बिस्तर पर रखी थी। जो अचानक चल गई।

हालांकि पुलिस अभी यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि पिस्टल किसकी थी और गोली किन परिस्थितियों में चली।पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद पुलिस को समय पर सूचना क्यों नहीं दी गई। घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। घायल युवक फिलहाल पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किच्छा बाईपास पर बनेगा नया वेंडिंग जोन

## प्रशासनिक अमले के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का किया व्यापक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर को एक आदर्श मॉडल सिटी के रूप में स्थापित करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए महापौर विकास शर्मा ने सोमवार को प्रशासनिक अमले के साथ शहर के विभिन्न कोनों का तूफानी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की, बल्कि भविष्य की उन बड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास आगामी 14 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एडीएम पंकज उपाध्याय, मुख्य नगर आयुक्त शिप्रा जोशी सहित लोक निर्माण, विद्युत, शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण की शुरुआत नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण कार्यों के जायजे से हुई। यहां महापौर के संज्ञान में आया कि बस टर्मिनल के पुराने कार्यालयों की शिफ्टिंग न होने के कारण विद्युत पोल नहीं हटाए जा सके हैं, जिससे हाईवे निर्माण की गति धीमी पड़ गई है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए महापौर ने मौके पर ही परिवहन निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने परिवहन निगम को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय को तत्काल शिफ्ट करें ताकि जनहित में बन रहे हाईवे का कार्य बाधित न हो। अधिकारियों ने जल्द ही इसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

रुद्रपुर की व्यवस्थित बसावट के लिए महापौर ने किच्छा बाईपास पर जेसीज स्कूल के समीप वेंडिंग जोन के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रोडवेज परिसर के बाहर निर्माणाधीन बस टर्मिनल की जद में आने के कारण हटाई जा रही दुक. ानों को यहां सम्मानजनक और सुरक्षित स्थान दिया जाएगा। यहां 6 गुणा 8 के आकार की 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इस वेंडिंग जोन में शौचालय, पेयजल और स्वच्छता की हाईटेक सुविधाएं होंगी, जिससे यह ग्राहकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। यह नगर निगम का तीसरा सफल वेंडिंग जोन होगा।

सब्जी मंडी के समीप हाईवे चौड़ीकरण की जद में आ रहे पुराने शौचालय को लेकर भी महापौर ने ठोस योजना बनाई यहां पर निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि पुराने ढांचे को ध्वस्त कर शिक्षा विभाग की भूमि पर नया दो मंजिला हाईटेक शौचालय बनाया जाए, जिसके लिए विभागीय अनापत्ति प्राप्त कर ली गई है। इसके साथ ही शिवनगर में अतिक्रमण मुक्त कराई गई बेशकीमती भूमि का उपयोग भी जनहित में करने का निर्णय लिया गया। महापौर ने घोषणा की कि इस भूमि पर बच्चों के लिए भव्य पार्क और बुजुर्गों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में रुद्रपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 14 फरवरी को होने वाले भव्य कार्यक्रम में त्रिशूल चौक का लोकार्पण किया जाएगा, जो शहर की पहचान बनेगा। साथ ही, दशकों से बंद पड़ी नैनीताल हाईवे से आदर्श कॉलोनी घास मंडी जाने वाली सड़क को पुन: खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसका शिलान्यास स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा गौशाला का लोकार्पण एवं कई अन्य विकास कार्य सीएम धामी जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण के लिए भी चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसका लाभ जल्द जनता को मिलेगा।



## थारु गैर थारु भूमि विवाद का समाधान हो: काशी सिंह ऐरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गैर थारू परिवारों को काबिज भूमि पर भूमि भू स्वामित्व के अधिकार से वंचित रखा गया है। यदि रोक हटाई जाती तो जमीन विक्रेता को उसकी जमीन का उचित मूल्य मिलता। प्रदेश की पूर्व की सरकारों ने इस भूमि विवाद को सुलझाने की जहमत नहीं उठाई। जिसके चलते आए दिन भूमि विवाद के मामले उठते हैं।



उक्रांद नेता ने बग्घा 54 के पूर्व सैनिकों एवं यहां बसे अन्य किसानों की समस्या पर चर्चा की और कहा कि न्यायालय की आड़ में बग्घा वासियों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने वर्षों से यहां बसे किसानों को वन भूमि के नियमों में शिथिलता बरतते हुए भूमि धरी अधिकार दिलाने की मांग की। उक्रांद नेता ने तहसील क्षेत्र में घोषित पूर्व सैनिक तथा अन्य राज्य आंदोलनकारीयों को दोहरी पेंशन के लाभ से वंचित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पुन: पेंशन का लाभ देने व चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारीयों को चिन्हीकरण समिति गठित कर वर्षों से लंबित आवेदनों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी, धन बहादुर चंद, गोविंद सिंह बिष्ट, कैलाश भट्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विनोद राजपूत, युवा जिला अध्यक्ष भवानी शंकर, शहाबुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## आर्य ने 1.18 करोड़ की सड़कों का किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने सोमवार को बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। कुल 1 करोड़ 18 लाख 52 हजार रुपये (118.52 लाख) की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्रीय ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा हरसान में डोवाल फार्म मार्ग का शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत 90 लाख 34 हजार रुपये है। इसके अलावा रेंटाखसिहाली संपर्क मार्ग का शिलान्यास 28 लाख 16 हजार रुपये की धनराशि से किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामवासियों ने विधायक यशपाल आर्य का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर आभार प्रकट किया। इसके पश्चात विधायक यशपाल आर्य ग्राम हरिपुरा में आयोजित देवी मंदिर में देवी भागवत महा. पुराण कथा में पहुंचे। जहां उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर विकास के लिए सात लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। इस अवसर हरेंद्र सिंह लाड़ी, पवन शर्मा, योगेंद्र डोवाल,जसपाल सिंह बिल्लू, उर्मिला पंत, अशोक पंत, नवीन पंत, सुरेश पांडे, केसर राम आर्य, प्रमोद जोशी आदि मौजूद थे।

## ब्रह्मदेव मंदिर हेतु एक करोड़ की घोषणा पर सीएम का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्रह्मदेव मंदिर में माघ माह में खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ब्रह्मदेव मंदिर में धर्मशाला निर्माण एवं मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपये की घोषणा को क्रियान्वित करने पर मंदिर कमेटी ने उनका आभार व्यक्त किया तथा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के प्रयासों की सराहना की।

वहीं शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्रह्मदेव कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भाटिया, बीजेपी पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, जगदीश चौसाली, कमल चौहान, भैरव नाथ, रमेश चंद, अनुज ठकुराठी, पंकज ठकुराठी, नीरू भट्ट, राहुल सक्सेना, हेम राज रावत तथा रमेश ढींगरा आदि उपस्थित थे।

# किसान आत्महत्याः एकसाथ होगी याचिकाओं पर सुनवाई

## हाई कोर्ट ने तीन और लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगा, जांच में सहयोग करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के किसान द्वारा आत्महत्या करने पर नामजद लोगों की गिरफ्तारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले में से सोमवार को तीन से अधिक लोगों के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाशकालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने पूर्व में पारित कुलविंदर सिंह व अन्य में दिए गए आदेश के आधार पर इनकी भी गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए इनसे भी जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कोर्ट ने सभी याचिकाओं को एक साथ सुनवाई करने व जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल बुधवार की तिथि नियत की है।



बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा मामला है।

सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है, जांच चल रही है। सुनवाई पर याचिकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मुख्य आरोपी व अन्य की गिरफ्तारी पर पहले ही रोक लग चुकी है उसी आदेश के आधार उनकी भी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। मामला गंभीर होने के कारण डीजीपी ने इस केस की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मामले की जांच एसआईटी को सौप दी है लेकिन जाँच प्रारंभ नहीं हुई। मामले के अनुसार बीते शनिवार देर रात हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक होटल में काशीपुर निवासी सुखवंत सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले सुखवंत सिंह ने फेसबुक पर लाइव आकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। यही नहीं सुखवंत ने ऊधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत तमाम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उनके द्वारा कहा गया था कि उनके साथ जमीन के मामले मे धोखाधड़ी हुई है। और उनसे करीब चार करोड़ ठग लिए गए। जब इसकी शिकायत बार बार पुलिस से की गयी तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर अमल नहीं किया गया उल्टा उनको डरा धमकाया गया। उनकी आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 लोगों पर आईटीआई थाने मे नामजद मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई मृतक के भाई की तहरीर पर की गयी है। सोमवार को सुनवाई पर याचिकाकर्ता कि तरफ से कहा गया कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें इस केस मे गलत फंसाया गया है। यह केस दो पक्षों के बीच आपसी जमीन से जुड़ा मामला है। किसान ने आत्म हत्या की है इसलिए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाए।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत मंजूर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर 8 वर्षो तक दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत मंजूर करते हुए विपक्षी व सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार पौड़ी निवासी अखिल बंगारी पुत्र राजेन्द्र बंगारी के खिलाफ देहरादून निवासी एक युवती ने थाना नेहरू कालौनी देहरादून में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में 21 जनवरी 2026 को मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त युवक 2018 में देहरादून में पढ़ाई के लिये आया जो एक मेडिकल कॉलेज से पीजी कर रहा था। कुछ समय बाद इस युवक के साथ पीड़िता के साथ बोलचाल हो गई और युवक ने शादी का झांसा देकर शाररिक संबन्ध बनाए, यही नहीं इस युवक ने उसके शादी के रिश्ते भी तुड़वाये और एक जॉब भी छुड़वाई। इस युवक ने बाद में पौड़ी में कलिनिक खोला तो वह युवती को भी अपने साथ पौड़ी ले गया। जहां युवती को पता चला कि उक्त युवक फरवरी माह में किसी दूसरी लड़की के साथ शादी कर रहा है जिस पर आपत्ति करने पर युवक ने उसे बेइज्जत किया। इस शिकायत पर अखिल बंगारी के खिलाफ नेहरू कालौनी देहरादून में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसे निरस्त करने व गिरफ्तारी पर रोक के लिये अखिल बंगारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## एक नजर

### शब- ए बारात मनायी जाएगी आज

**नैनीताल।** मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श ने बताया कि शब-एबारात मंगलवार (आज) मनायी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुस्लिम कैलेंडर के हिसाब से 14 शाबान को शब-ए-बारात मनाई जाती है। इबादत, तिलावत और सखावत (दान पूर्ण) के इस त्योहार में मस्जिदों और कब्रिस्तानों को खास तरीके से सजाया जाता है। शब ए बारात की रात यानि को लोग रात भर इबादत करते हैं नमाजे नफिल, कुरान की तिलावत, अल्लाह से गुनाहो की सच्ची तोबा और अपने माँ बाप की मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं और फिर कब्रिस्तान में जाकर अपने अज़ीज़ लोगो की कब्र में जाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ करते हैं और पूरी रात जागकर इबादत करते हैं और कई जगह जलसों का भी आयोजन किया जाता हैं और फर्ज नमाज से पहले दुआ करके 15 शाबान का रोजा रखते हैं। नाजिम बख्श ने नौजवानों से खास अपील की है। इबादत की इस रात को शांति के साथ मनाये और ज्यादा से ज्यदा इबादत करें ओर अपने अजीजों की मगफिरत के लिए दुआ करें।

### हल्की बारिश के साथ मौसम के बदले तेवर

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार को एक बार फिर हल्की बारिश के साथ मौसम ने तेवर बदलने शुरू कर दिए हैं और नगर में ठिठुरन वाली ठंड पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण ऊंची चोटियों में हिमपात की संभावना नजर आने लगी है। नगर में सोमवार को मौसम का मिजाज सुबह से ही बिगड़ा नजर आया जो बादलों के साथ बेहद ठंड में बीता। दोपहर में घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया तो बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। शाम को फिर पांच बजे कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। इसके बाद बादल छंट गए आसमान साफ हो गया। नगर में मौसम पूरे दिन ठंड में बीता। लोगो दस्ताने, टोपी और मफलर पहनने को मजबूर हुए तो हीटर भी दिन में ही शुरू हो गए। शाम की ठंड अधिक सताने वाली रही। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक के बाद एक यह दूसरा पश्चिमी विक्षोभ है जिसका असर नैनीताल में अधिक रहने की संभावना है। 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम ल्ल डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 567वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 567वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### लोकल पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**नैनीताल।** फ्लैट्स मैदान मल्लीताल में जिला प्रशासन और जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से नैनीताल लोकल ओपन पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार आज से शुरू होगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विभाग की ओर से नवनिर्मित पिच में लोकल क्रिकेट प्रेमियों के अनुरोध पर मंगलवार आज से प्रतियोगिता कराई जाएगी। नॉक आउट प्रणाली के आधार पर 31 टीमों के कुल 31 मैच खेले जायेंगे।प्रतिभाग करने वाली टीमों को प्रतिभाग हेतु दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में खेल विभाग के मानकों के अनुरूप खिलाड़ियों व निर्णायकों को पुरस्कार, उपकरण तथा बॉल आदि अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

## नैनीताल के गांधी चौक में भोजनमाताओं का प्रदर्शन

**नैनीताल।** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की नैनीताल इकाई ने सोमवार को न्यूनतम वेतनमान व स्थायी नौकरी की मांग को लेकर तल्लीताल गांधी चौक में जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई सभा में संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी देवी ने बताया कि भोजनमाताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही हैं लेकिन सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। बोली भोजनमाताएं बीते 20 सालों से सरकारी व अर्धसरकारी विद्यालयों में भोजन बनाने का काम कर रही हैं, उन्हें 100 रूपये प्रतिदिन दिया जाता है माह का मानेदय 3 हजार रूपये दिया जाता है। बताया कि कई भोजनमाताएं धरने में नहीं पहुंची हैं क्योंकि उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा धमकाया गया है। कहा कि भोजनमाताओं की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पीएफ ईएसआई पेंशन, आकस्मिक अवकाश, प्रसूति अवकाश तथा भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए तथा निकली गई भजन माताओं को पुनः वापस लिया जाए। कहा कि यदि माँग पूरी नहीं हुई तो सभी भोजनमाताएं में भविष्य में बेमियादी धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार करेंगी। इस दौरान अनीता देवी, पुष्पा जलाल, सीमा देवी, सुशीला, चंपा देवी, लता, शबीना, संतोष, जानकी देवी, हेमा देवी, भगवती देवी, नंदी बिष्ट, पूजा देवी, दीपा देवी, शकीना, दीपा नेगी, नंदी बिष्ट, सरस्वती देवी, कमला पंत, हेमा डालाकोटी तथा निरमा देवी आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन के साथ बैठकः अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हैं व्यापरिक संगठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिका. रियों ने एक स्वर में कहा कि संगठन किसी भी प्रकार के अतिक्रमण के पक्ष में नहीं है।

व्यापार मंडल ने दुकानों के आगे फड़ व ठेले लगाने वाले व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त परितोष वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन के सह संयोजक देवेश अग्रवाल ने कहा कि यदि नगर प्रशासन शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में गुप्त रूप से सर्वे करें तो वास्तविक स्थिति सामने आएगी, क्योंकि दल-बल के साथ निरीक्षण करने पर सही आकलन नहीं हो पाता।



जो दुकानदार अपनी दुकानों के आगे पैसे लेकर फड़ और ठेले लगवाते है, उन्हें चिन्हित कर उन पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। साथ ही बाजार क्षेत्र के कॉम्प्लेक्सों में दुकानदारों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और नगर निगम की क्षतिग्रस्त दुकानों की मरम्मत कराई जाए। इस दौरान नगर आयुक्त पारितोष वर्मा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस अधीक्षक एवं यातायात विभाग के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर जल्द कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, पूरन लाल साह, प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन रावत, ऋषभ पाठक आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. गांगिल बने प्रभारी ईई

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. बृजेश गंगिल को विवि के प्रभारी अधिशासी अभियंता का दायित्व का सौंपा गया है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीज-उज-जमाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि विवि कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशानुसार अभियंत्रण सेवा अनुभाग के अधिशासी अभियंता विजयनंद बहुगुणा के सेवानिवृत्त होने के उपरांत मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. बृजेश गांगिल को प्रभारी अधिशासी अभियंता के कार्य का दायित्व को सौंपा गया है।

## काशीपुर में लगेगा साहित्य कुम्भ व पुस्तक मेला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र के समस्त साहित्यकारों के लिए वर्ष 2026 में एक भव्य साहित्यिक आयोजन साहित्य कुंभ एवं पुस्तक मेला काशीपुर 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इस साहित्यिक महोत्सव का उद्देश्य काशीपुर के लेखकों को व्यापक पहचान, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करना है। आयोजन के अंतर्गत सभी लेखकों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पुस्तक स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें लेखकों की प्रकाशित पुस्तकें, शोध पत्र, थीसिस, पाठ्य पुस्तकें, पत्रिकाएं एवं अन्य साहित्यिक सामग्री प्रदर्शित की जाएंगी। ये पुस्तकें पाठकों के लिए क्रय हेतु भी उपलब्ध रहेंगी। इस मेले में काशीपुर के स्थानीय लेखक एवं पुस्तक विक्रेता सहभागिता करेंगे। स्थानीय लेखक इस आयोजन में अपनी पुस्तकें सम्मिलित कराने के लिए कार्यक्रम आयोजक डॉ. रजनीश कुमार शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों ने काशीपुर के समस्त साहित्यकारों, साहित्यप्रेमियों, पाठकों एवं पुस्तक विक्रेताओं से अपील की है कि वे साहित्य कुंभ एवं पुस्तक मेला काशीपुर 2026 में सहभागिता कर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि आयोजन की तिथि, समय एवं स्थान की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

## खेल विभाग किसी तरह का विवाद नहीं चाहताः राशिका सिद्दीकी

### शासन के निर्देशानुसार नैनीताल के खेल मैदान में होंगी अब प्रतियोगिताएंः उप निदेशक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएसए मैदान में खेल प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को खेल विभाग ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान खेल विभाग की उप निदेशक राशिका सिद्दीकी ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता करने को लेकर पिच निर्माण किया गया था और 32 टीमों ने इसमें प्रतिभाग करना था। बोली कि जिस दिन टूर्नामेंट शुरू होना था तो कुछ व्यवधान के चलते शुरू नहीं हो सका। बोली कि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल की ओर से कहा गया कि पहले कुवंर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता होगी लेकिन इस पर भी एसडीएम, विधायक और पालिकाध्यक्ष की ओर से मध्यस्थता के जरिए यह हल निक. ाला गया कि यह प्रतियोगिता खेल विभाग, डीएसए और नगरपालिका तीनों संस्थाएं मिलकर कराएंगी। इस पर भी खेल विभाग राजी था और खेल विभाग द्वारा यह भी कहा गया था कि प्रतियोगिता निशुल्क होगी। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नियमानुसार रिफ्रेशमेंट तथा पुरस्कार व उपकरण और सर्टिफिकेट सभी खेल विभाग को ओर से दिए जाएंगे। यह सभी एक वार्ता के माध्यम से तय हो गया था लेकिन पालिका और डीएसए की ओर से बाद में इसके लिए मना कर दिया गया तथा कहा कि खेल विभाग की साथ मिलकर इसे नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि खेल विभाग अभी भी साथ मिलकर प्रतियोगिताएं करने के लिए तैयार है और विभाग की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। विभाग किसी भी तरह का विवाद नहीं चाहता है। बोली कि खेल विभाग यही चाहते है कि यह टूर्नामेंट एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आए और सभी मिलकर खिलाड़ियों के हित में प्रतियोगिता कराएं। आगे भी आठ प्रतियोगिताएं मिलकर कराई जाए यही हमारा उद्देश्य है। डीएसए पूर्व से 4 प्रतियोगिताएं कराता आ रहा है जिसमें ट्रेड्स कप, लैंडोलीग, रामपुर कप और पृथ्वीराज बिष्ट क्रिकेट कप टूर्नामेंट शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के लिए शासन से खेल विभाग को आदेश हैं कि जब भी ये प्रतियोगिता कराई जाएंगी तो विभाग की ओर से इसमें पूरा सहयोग कराया जाए और हम इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध भी हैं। हम यह चाहते हैं कि जो भी योजनाएं खिलाड़ियों के लिए चलाई जाती है इसका लाभ नैनीताल के खिलाड़ियों को भी मिल सके। प्रतियोगिता को लेकर कहा कि आगे शासन से हमें जो भी निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार जल्द से जल्द प्रतियोगिता कराई जाएगी।



## वन विभाग ने गश्त के साथ किया स्कूलों में भी किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शीतकालीन अवकाश के बाद नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक एवं इसके आसपास के इलाकों में बीते दिनों हुए मानव वन्य जीव संघर्ष तथा शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुले जिसमें रूटीन की तरह आसपास के सभी विद्यालयों में छात्र छात्रा उपस्थित रहें हालांकि विद्यालय खुलने के बाद कई बच्चे अनुपस्थित भी रहें, वही वन विभाग ने अपने स्तर से भी तैयारी की। उत्तरी गौला वन क्षेत्र रेंजर विजय भट्ट ने बताया कि संवेदनशील विद्यालयों में टीम के द्वारा गश्त करवाई जा रही है वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाड़ापानी में बच्चों को मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया गया है जिसमें विद्यालय आते और जाते वक्त समूह बनाकर जाने के साथ अभिभावकों की मदद लेने की अपील की गई। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि रात को घरों से बाहर बिल्कुल नहीं निकालना है और घर के बाहर आंगन में रौशनी बनाएं रखें। वही ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने मवेशीयों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें जंगल में चराने को ना छोड़े वही महिलाओं को चारा पत्ती के लिए समूह बनाकर ही जाने को कहें अकेले में बिल्कुल ना जाएं। वही धानाचूली और पहाड़पानी वनों को आग से रोकने को लेकर गोष्टी भी की गई। भट्ट ने बताया कि बीते दिनों बर्फबारी बारिश के बाद तेंदुवो की गतिविधि देखने को नहीं मिल रही है। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को दहशत नहीं बल्कि सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं सेलालेख विद्यालय के आसपास सफाई अभियान चलाया गया और ट्रैप कैमरे भी लगाएं गए। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश चन्द्र मेलकानी, वन दरोगा पूरन मेलकानी, हरेंद्र कुमार, मनोज कैड़ा तथा मोहन सिंह आदि मौजूद रहें।

## नैनीताल में फागोत्सव की तैयारियां

### 23 व 24 फरवरी को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित होने वाले फागोत्सव-2026 की तैयारियों हेतु नैनीताल शहर की प्रमुख महिला दलों तथा महिला होलियारों एवं महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक सभा के उपाध्यक्ष अशोक साह की अध्यक्षता में मंगलवार को सभा भवन में हुई।

बैठक में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने फागोत्सव 2026 के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानक. ारी दी। इसके पश्चात महिला दलों से आयोजन को भव्य बनाने संबन्ध में परिचर्चा हुई। इसके साथ ही महिला होली कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से इस वर्ष भी आयोजित करने हेतु वार्ता हुई। महासचिव बवाड़ी के मुताबिक दिनांक 23 और 24 फरवरी यानी सोमवार व मंगलवार को दो दिवसीय महिला होली दलों का प्रतिभाग कार्यक्रम होगा, जिसमें नैनीताल एवं अन्य जिलों से भी महिला होली दलों का प्रतिभाग होगा। बवाड़ी के मुता. बिक उद्घाटन दिवस 23 फरवरी सोमवार को प्रातः 11 बजे से होली जुलूस एवं महिला स्वांग प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला तल्लीताल से नगर भ्रमण के साथ प्रारंभ होगा होगा। कहा कि महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संस्था के पूर्व वर्षों में हुए हैं। कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इस वर्ष भव्य फागोत्सव आयोजन में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात रखी। संचालन मोहित लाल साह ने किया। इस दौरान सभा के संरक्षक घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, प्रबंधक विमल चौधरी, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत हरीश सिंह राणा, गिरीश जोशी, किशन सिंह नेगी, ललित साह, भुवन बिष्ट, आलोक चौधरी, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट, जीवंती भट्ट, अमिता साह, रेखा जोशी, तारा बोरा, खष्टी बिष्ट, कविता गंगोला, सुमन साह, रेशमा टंडन, हेमा जोशी, सुनीता वर्मा, भारती कैड़ा, रुचि बेलवाल, ज्योति साह, मंजू पांडे, हेमा जोशी, कलावती असवाल, हिमांशु तिवारी, तुलसी बिष्ट, अदिति खुराना, दीपा जोशी, कुसुम सनवाल तथा नीरू पुजारी आदि उपस्थित रहे। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।



## बजट आशा और आकांक्षाओं का प्रतीकः आशा शुक्ला

**हल्द्वानी।** भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री आशा शुक्ला ने केन्द्रीय बजट-2026 को देश के भविष्य के विकास का रोडमैप बताया है। उन्होने कहा कि महिलाओं के लिए बड़े गर्व की बात है की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार केंद्र में 2026-27 का भारत का बजट पेश किया। उन्होंने कहा यह बजट आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक है, जिसमें नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है...आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर देना, महिलाओं के लिए हर जनपद में छात्रावास के निर्माण की व्यवस्था, नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट पेश किया गया है।



भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा। आशा शुक्ला ने कहा कि भारत की आम जनता को इस बजट पर इसलिए खुश होना चाहिए कि यह आम आदमी का बजट है। इसमें दवाएं सस्ती की गयी हैं, जो कि आज के समय की बेहद महत्वपूर्ण ज़रूरत कहलाती है, क्योंकि महंगी दवाओं की वजह से लोगों पर अत्यधिक बोझ पड़ता है। दवाएं सस्ती होने से राहत मिलेगी। आशा शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से 'बायोफार्मा शक्ति' योजना की घोषणा की।

## महिलाएं कराएंगी होली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक मंगलवार को क्लब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई।



बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्लब द्वारा 22 फरवरी रविवार को माल रोड स्थित होटल सेंट्रल में महिला होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में महोत्सव की कामयाबी हेतु अमीता साह को संयोजक जबकि विनीता पांडे एवं दीपा पांडे को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौपी गयी। क्लब के अध्यक्ष आभा साह ने बताया कि होली महोत्सव में नगर के अलावा भीमताल, भवाली एवं हल्द्वानी से महिला होली टीमों का आमंत्रित किया जाएगा। क्लब द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की पांच महिला होलियारों को भी विशेष रुप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव की तैयारी व बैठक में क्लब की सचिव सरिता त्रिपाठी समेत हेमा भट्ट, रानी शाह, जीवंती भट्ट, मीनाक्षी कीर्ति, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, डा.प्रगति जैन, प्रेमा अधिकारी, कविता त्रिपाठी, मधुमिता, गीता शाह, ज्योति ढौडियाल, मीनू बुधलाकोटी, सविता कुलारा, दया कुंवर, रेखा पंत, रेखा जोशी, मंजू बिष्ट, कंचन जोशी, लीला राज, पल्लवी, पुष्पा कांडपाल, कविता गंगोला, ज्योति वर्मा व सीमा सेठ व रमा आदि महिला उपस्थित थी।

## सडक की मांग को लेकर 17 को होगा धरना प्रदर्शन

**नैनीताल।** सूबे के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पीसी गोरखा ने बताया नैनीताल जिले के कोटाबाग विकासखंड व नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाली सड़क को उत्तराखंड शासन के द्वारा पांच वर्ष पूर्व स्टेट हाईवे 71 भंडारपानी ओखलढुगा बेतालघाट बरधौ भुजान विल्लेख मोटर मार्ग को राज्य मार्ग घोषित किया गया था। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा7 सितंबर 2024 को बेतालघाट रामलीला मंच पर इस मार्ग को कैंचीधाम टू लेन बनाने की घोषणा की गयी थी। साथ ही जून 2025 में पुनः मुख्यमंत्री के द्वारा नैनीताल में एक कार्यक्रम के दौरान स्टेट हाईवे 71 भंडार पानी ओखलढूंगा तल्लीसेठी बेतालघाट बरधौ भुजान विल्लेख मोटर मार्ग का सुधारीकरण किये जाने की घोषणा की गयी। कहा कि वर्तमान समय में लोनिवि के द्वारा ओखलढूंगा से बोहराकोट के मध्य गढ्ढे तक नहीं भरे गये हैं मात्र 10 किमी के क्षेत्र में वाहनों को सड़क मार्ग पर बहुत बड़े बड़े गड्ढे में चलने को मजबूर होना पड़ रहा है जो कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना काकारण बन सकता है। इस मार्ग के अत्यन्त खराब होने के कारण कैंचीधाम को जाने वाले वाहन वाया नैनीताल आना जाना कर रहे है। इस मार्ग पर शीघ्र हाटमिस डामरीकरण करण किया जाना बहुत ही आवश्यक है। गोरखा ने कहा कि सड़कों की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों के द्वारा 17 फरवरी मंगलवार को नैनीताल तहसील क्षेत्र अंतर्गत डौन परेवा में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित किया गया। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना जिला प्रशासन, पुलिस प्रसासन व लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड रामनगर को भी दे दी गयी है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक 1325 /ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 02/02/2026

"ई-निविदा आमंत्रण सूचना -45 "

अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून इस विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित कार्य पूरा करने के लिए दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित करता है। निविदा से संबंधित मूल अभिलेख उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे तक ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) भीमताल में निविदा उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेंगी।


| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा की प्रकृति | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0 टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | विकासखण्ड बाराकोट में अनावासीय भवन का निर्माण में विद्युतीकरण का कार्य। | ई-निविदा | 97,500.00 रूपये | 2500.00 + 18% GST | 20 माह | 90 दिन | "ए" विद्युतिकरण |

-:निविदा की शर्ते:-

नोट:- 1. उक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी http://www.uktenders.gov.in पर एवं अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 18.02.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(इं0 तहसनी अहमद)
अधिशासी अभियन्ता, (वि0/यॉ0)
ग्रामीण निर्माण विभाग
उत्तराखण्ड देहरादून

# भारत के मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को चेताया



## पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकती है अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार 'चुनिंदा भागीदारी' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता। 15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया कि आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है, जिसका वह स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी की प्राथमिकता में आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप का सफल आयोजन करना है और यह पीसीबी सहित उसके सभी सदस्यों की जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। पाकिस्तान ग्रुप ए में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका के साथ है।

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड

पत्रांकः—1354/सूचना/नामपरि0/कर—अनु0/न0नि0रूड़की /2025—26 दिनांकः— 02/02/2026

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 637, गणेशपुर | श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामपाल सिंह | रामपाल सिंह पुत्र श्री भरत सिंह | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 2 | 660, पूर्वावल्ली | रति पालीवाल पुत्री राजकुमार पालीवाल | श्री शिव नाथ टंडन पुत्र द्वारका नाथ टंडन | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 3 | 816/1, माहिग्रान | वक्फ नं0 70 बड़ी मस्जिद पूर्वी अम्बर तालाब रूडकी द्वारा मुतव्वली (केयरटेयर वक्फ नं0 70 उत्तराखण्ड सरकार) हाजी अब्दुल कुद्दुस अंसारी पुत्र अब्दुल रहीम अंसारी | मौहम्मद अकबर पुत्र स्व0 असगर व श्रीमति अफसरी बेगम पत्नि मौहम्मद अकबर | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 4 | 491, अ0 ता0 पूर्वी | श्रीमति फिरदौश पत्नि उमर मारूफ व श्री उमर मारूफ पुत्र षाहनजर | श्री जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र अभय सिंह | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 5 | 374, रामनगर | प्रमिन्दर सिंह पुत्र स्व0 सरदार वीरेन्द्र सिंह | श्रीमति निर्मला रानी पत्नि डा0 कृष्ण कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 6 | 524, अ0 ता0 पूर्वी | हनुमन्त गोयल पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद गोयल व पूनम गोयल पत्नि श्री हनुमन्त गोयल | श्रीमति वीना कथूरिया पत्नि श्री विनोद कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 7 | 82(1—11), सोत | मौहम्मद मुर्तजा पुत्र श्री रशीद अहमद व मुसर्रत अली पुत्र मौहम्मद मुर्तजा | श्री रजत कौशिक पुत्र धर्मप्रकाश कौशिक | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 8 | 524, अ0 ता0 परि0 | हनुमन्त गोयल पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद गोयल व पूनम गोयल पत्नि श्री हनुमन्त गोयल | श्रीमति वीना कथूरिया पत्नि श्री विनोद कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 9 | 1006, चावमण्डी | श्री रामकुमार गिरी पुत्र स्व0 ओम गिरी | श्रीमति माया देवी पत्नि रामकुमार गिरी | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 10 | 738, रामनगर | श्रीमति सुषमा भटेजा पत्नि श्री चन्द्र प्रकाश भटेजा | श्री मुकेश कुमार पुत्र राम शरण दुआ | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 11 | 609, रामनगर | श्री कमलदीप सिंह पुत्र स्व0 हरबन्स सिंह | बलबीर कौर पत्नि स्व0 हरबन्स सिंह | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 12 | 909, आदर्शनगर | श्रीमति गार्गी पुरी पत्नि श्री मंदीप कुमार पुत्री गोपाल पुरी | श्रीमति रीता ग्रोवर पत्नि श्री रवि ग्रोवर | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 13 | 1262, अ0ता0 परि0 | संजीव मेहता पुत्र राकेश मेहता व अमित मेहता पुत्र राकेश मेहता | श्री हरदीप कुमार भसीन पुत्र धर्म चन्द भसीन | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 14 | 323, अ0ता0 परि0 | श्री अनुज रोहतगी पुत्र सत्यपाल सिंह | नन्द किशोर वर्मा पुत्र दाताराम वर्मा व तरूण वर्मा व वरूण वर्मा पुत्रगण नन्द किशोर वर्मा | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 15 | 256, आवास विकास | श्रीमति मंजू जुनेजा पत्नि श्री सुभाष चन्द जुनेजा | श्रीमति नमिता पत्नि श्री सुधीर कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 16 | 1114/1, गणेशपुर | श्री महेन्द्र पाल गुप्ता पुत्र सीताराम व विवेक कुमार गुप्ता पुत्र महेन्द्र गुप्ता | श्रीमति सविता देवी पत्नि श्री ब्रहमपाल सिंह | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 17 | 395/1ए, अ0ता0परि | संगीता शर्मा उर्फ पिंकी पत्नि रामदत्त शर्मा | श्रीमति पूनम अग्रवाल पत्नि मुकेश अग्रवाल | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 18 | 810, माहिग्रान | श्रीमति आफरीन अलवी पत्नि आमिर अहमद | श्री इरफान पुत्र राशिद अहमद | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 19 | 281, आदर्शनगर | श्री नवनीत शर्मा पुत्र स्व0 सत्यदेव शर्मा | श्री सत्यदेव शर्मा पुत्र रामेश्वर प्रसाद | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 20 | 1402, चावमण्डी | श्री जब्बाद पुत्र श्री इब्राहिम | श्रीमति शुभा पाण्डे पत्नि हिमाशु पाण्डे | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 21 | 100, बी0टी0गंज | श्री अजय लुथरा पुत्र राजकुमार | श्रीमति राजेश रानी टॉक पत्नि सतीश कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 22 | 614, सत्ती | श्री शाहबुददीन पुत्र स्व0 अब्दुल शकूर | श्रीमति राबिया पत्नि स्व0 अब्दुल शकूर | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 23 | 773, पूर्वावल्ली | श्रीमति शिवानी गोयल पत्नि नवीन गोयल | श्री सुरेश चन्द्र पुत्र स्व0 राम किशन | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 24 | 1(2), राजपूताना पूर्वी | श्री कपिल मेहन्दीरत्ता व यश मेहन्दीरत्ता पुत्रगण भारत भूषण मेहन्दीरत्ता | श्री महावीर कुमार चांदना पुत्र स्व0 केशवनन्द व शालिनी चांदना पत्नि महावीर चांदना | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 25 | 636, पुरानी तहसील | श्री खुशनसीब पुत्र यूसुफ | श्री मुस्तकीम अहमद पुत्र मुन्फैत अली | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 26 | 439, अ0ता0 परि0 | अनिल कुमार पाराशर पुत्र स्व0 जयप्रकाश शर्मा व ॠतु पाराशर पत्नि अनिल कुमार पाराशर | श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि जय प्रकाश शर्मा | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 27 | 433/1,पुरानी ता0 | श्रीमति असमा अंसारी पत्नि बिलाल अहमद | श्री बिलाल अहमद पुत्र श्री शमशाद अहमद | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 28 | 89(1—3),बी0टी गंज | श्रीमति नीलम कोहली पत्नि श्याम सुन्दर | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 29 | 89(1—3),बी0टी गंज | श्रीमति हिमानी गर्ग पत्नि दीपक गर्ग | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 30 | 89(1—3),बी0टी गंज | श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि अतर सिंह | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 31 | 89(1—3),बी0टी गंज | सरदार तजेन्द्र सिंह पुत्र सरदार नरेन्द्र सिंह व श्री मति इन्द्रजीत कौर पत्नि सरदार तजेन्द्र सिंह | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 32 | 89(1—3),बी0टी गंज | श्रीमति संगीता पत्नि श्री देवी सिंह | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 33 | 89(1—3),बी0टी गंज | श्री करन सिंह पुत्र श्री नत्थू सिंह | श्रीमति राजकुमारी पत्नि डा0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 34 | 334,अ0ता0 परि0 | श्री तरूण व अरूण पुत्रगण मांगेराम | श्रीमति उर्मिला पत्नि श्री मांगेराम | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 35 | 346, नेहरूनगर | श्रीमति ब्रिजेश देवी पत्नि परियात कुमार व अनिता पत्नि राकेश कुमार | श्री हरदीप कुमार भसीन पुत्र धर्म चन्द | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 36 | 293,आदर्शनगर | श्रीमति सुचित्रा सैनी पत्नि राजेन्द्र कुमार | श्री बासो राम शर्मा पुत्र बिहारी लाल शर्मा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 37 | 517,अ0ता0पूर्वी | श्री कुरबान अली पुत्र श्री मल्लू | श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 राजेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 38 | 517,अ0ता0पूर्वी | श्रीमति मुसैयदा पत्नि कुरबान | श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 राजेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 राजेन्द्र कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 39 | 436, आवास विकास | श्री प्रताप सिंह पुत्र स्व0 स्वरूप सिंह | डा0 राजीव कुमार गोयल पुत्र श्री विनोद कुमार गोयल | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 40 | 485/1, रामनगर | श्री दीपक शर्मा पुत्र स्व0 धर्मपाल शर्मा | श्रीमति कमलेश शर्मा पत्नि स्व0 धर्मपाल | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 41 | 1100, अ0ता0 परि0 | श्री अरूण सिंह व सुनील कुमार पुत्रगण स्व0 हरपाल सिंह व श्रीमति नीलम सिंह पुत्री स्व0 हरपाल सिंह | श्री हरपाल सिंह पुत्र रामलाल | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 42 | 1094, अ0ता0 परि0 | श्री अजीत कुमार पुत्र स्व0 हरपाल सिंह व श्रीमति मन्जू रानी मौर्य पत्नि स्व0 अनिल कुमार मौर्य | श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि हरपाल सिंह | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 43 | 869, 869/1 पु0ता0 | श्री दीपक अरोडा पुत्र राम लाल अरोडा | मनोज कुमार जैन पुत्र स्व0 भूपेन्द्र कुमार जैन | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 44 | 1168/1, सि0ला0 | श्री वैभव गुप्ता पुत्र श्री अरविन्द कुमार | श्री रविन्द्र साहनी पुत्र हरवंस लाल साहनी व कविता साहनी पत्नि रविन्द्र साहनी | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 45 | 04, सत्ती | मौ0 अजहर पुत्र मौ0 राशिद | सौय्यद इनाम साबिर, अय्यूब साबिर, मुजम्मिल साबिर, इसरार साबिर,फरीद साबिर पुत्रगण सैय्यद गुलाम साबिर | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 46 | 173, अ0ता0 पूर्वी | श्रीमति सुमन वर्मा पत्नि राकेश वर्मा | श्रीमति शकुन्तला वर्मा पत्नि स्व0 सुखबीर सिंह | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 47 | 1390,अ0ता0परि0 | श्रीमति साधना सिंघल पत्नि अजय सिंघल | श्री संजय सिंघल पुत्र आर0के0 सिंघल | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 48 | 267,सोत | श्रीमति पूजा पत्नि हरिपाल सिंह | श्रीमति सरोज अरोरा पत्नि कमल राज अरोरा व दीपक अरोरा पुत्र कमल राज अरोरा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 49 | 409, सोत | श्रीमति शाहरोज पत्नि मोहद काशिफ | श्री अय्युब साबिर पुत्र श्री गुलाम साबिर | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 50 | 195,माहिग्रान | श्रीमति शाहीन पत्नि भूरे खान | श्री अय्युब पुत्र लियाकत | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 51 | 1120, गणेशपुर | श्रीमति सुदेश पत्नि स्व0 सुल्तान सिंह व दीपक सिंह पुत्र स्व0 सुल्तान सिंह | श्री सुल्तान सिंह पुत्र भगवान सिंह | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 52 | 876, रामनगर | श्रीमति प्रेमलता पत्नि शंभू दयाल | श्री शम्भूदयाल पुत्र कन्हैया लाल | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 53 | 904/1, चावमण्डी | श्रीमति वैशाली गुप्ता पत्नि श्री विकास गुप्ता | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि स्व0 विनोद कुमार गुप्ता व रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 शान्ति स्वरूप गुप्ता | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 54 | 223, मलकपुर | श्रीमति सुनीता पत्नि श्री सुरेश कुमार | श्री पंजरतन सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 55 | 278, सत्ती | श्रीमति नुवेरा पत्नि मौ0 आबिद | श्री आमना बेगम पत्नि शकील अहमद | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 56 | 346, रामनगर | श्रीमति ब्रजबाला पत्नि स्व0 धनेन्द्र | श्री धनेन्द्र पुत्र ब्रहमदत्त शर्मा | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 57 | 664, आदर्शनगर | श्री सुनील शर्मा पुत्र ब्रहमदत्त षर्मा | श्री ब्रहमदत्त षर्मा पुत्र स्व0 मंगल शर्मा | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 58 | 366, मलकपुर | श्री विनायक पाल पुत्र शोभाराम व श्रीमति रेनू पाल पत्नि विनायक पाल | श्री पारस यादव पुत्र बोधा चौधरी व श्रीमति रामपति पत्नि पारस यादव | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 59 | 352,पूर्वीदीनदयाल | श्री विवेक गुप्ता पुत्र महेश चन्द गुप्ता | श्री कुलदीप मोहन भटनागर पुत्र ब्रज मोहन | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 60 | 54(1—3), सोत | कनिका कर्णवाल पत्नि नितिन कर्णवाल | श्रीमति रानी देवी कर्णवाल पत्नि देवेन्द्र कुमार, श्री नितिन कर्णवाल पुत्र देवेन्द्र कुमार व निधि कर्णवाल पत्नि सौरभ कर्णवाल, राजकुमार राजेश, मकेश पुत्र स्व0 मुन्ना लाल व ष्वेता पत्नि राजेश व रानी देवी पत्नि देवेन्द्र कुमार व नितिन कर्णवाल पुत्र देवेन्द्र कुमार व निधि कर्णवाल पत्नि सौरभ कर्णवाल | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 61 | 482, अ0ता0पूर्वी | श्रीमति भावना साहनी उर्फ इन्दु साहनी पत्नि स्व0 अंकुर साहनी | श्री अंशुल साहनी पुत्र गिरीश साहनी व श्रीमति भावना साहनी उर्फ इन्दु साहनी पत्नि स्व0 अंकुर साहनी | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 62 | 454, नेहरूनगर | संजीव चन्धोक पुत्र स्व0 डॉ0 सोहन लाल चन्धोक | श्रीमति रामकली देवी पत्नि श्री जनेश्वर प्रसाद | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 63 | 182/1, आदर्शनगर | श्रीमति पूनम पत्नि प्रदीप | श्री विनोद कुमार पुत्र जगन्नाथ | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 64 | 71/1, पूर्वी0दयाल | दर्शना दुआ पत्नि स्व0 सुभाष चन्द दुआ | अध्यासी सतीश कुमार मेहता पुत्र स्व0 सोहन लाल मेहता | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 65 | 598, अ0ता0परि0 | श्रीमति रेनू पत्नि विनोद कुमार | श्रीमति अर्चना शर्मा पत्नि सत्येन्द्र कुमार शर्मा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 66 | 147, पूर्वीदीनदयाल | श्री कुशाग्र गर्ग पुत्र स्व0 संजय गर्ग व गौरी गर्ग पुत्री संजय गग | श्रीमति राधा गर्ग पत्नि संजय गर्ग | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 67 | 148,पूर्वीदीनदयाल | श्री कुशाग्र गर्ग पुत्र स्व0 संजय गर्ग व गौरी गर्ग पुत्री संजय गर्ग | श्री संजय गर्ग पुत्र स्व0 तेज बहादूर गर्ग | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 68 | 537,माहिग्रान | श्रीमति बिलकिस बानो पत्नि नजीर अहमद | श्रीमति कनीज फात्मा पत्नि मरहूम बुन्दू हसन | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 69 | 445, पूर्वीदीनदयाल | श्री नीरज कुमार मित्तल व अरूण कुमार मित्तल व अतुल मित्तल पुत्रगण स्व0 सूरज प्रकाश मिततल | श्री सूरज प्रकाश मित्तल पुत्र ज्योति प्रसाद व पुष्पलता मित्तल पत्नि सूरज प्रकाश | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 70 | 449/1, सोत | श्री जावेद इमरान पुत्र मौहम्मद इस्लाम | मौहम्मद इस्लाम पुत्र स्व0 अब्दुल लतीफ व श्रीमति फैमीदा पत्नि मौहम्मद इस्लाम | शपथ—पत्र, दान—पत्र, |
| 71 | 520, मलकपुर | श्री तरूण पुत्र मूल चन्द व श्रीमति अर्चना चौधरी पत्नि तरूण | श्री आर0 एल0 गुप्ता पुत्र गिरधारी लाल गुप्ता | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 72 | 96,96(1) कानूगोयान | श्री योगेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 वेद प्रकाश व अनिल कुमार पुत्र स्व0 वेद प्रकाश | श्री वेद प्रकाश पुत्र मामचन्द | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 73 | 378, पूर्वीदीनदयाल | श्री रवि गर्ग पुत्र सतीष चन्द गर्ग | श्रीमति ब्रजवाला गर्ग पत्नि सतीश चन्द व पायल गर्ग पत्नि रवि गर्ग | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र |
| 74 | 25/2, रामनगर | श्री रवि छाबडा पुत्र लक्ष्मीचन्द | श्री जवाहर लाल अरोडा पुत्र लाला देवी दयाल व रजनी अरोडा पत्नि जवाहर लाल अरोडा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 75 | 24, राजपुताना परि0 | राजीव कुमार गोयल पुत्र ईश्वर दयाल गोयल | प्रवीण कुमार गोयल पुत्र ईश्वर दयाल गोयल | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 76 | 295, बी0टी0 गंज | श्री रमेश कुमार लखानी पुत्र हेमराज लखानी व चिराग लखानी पुत्र रमेश कुमार लखानी | अशोक कुमार पुत्र स्व0 सोहनलाल व नितिन अरोड़ा पुत्र अशोक कुमार | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 77 | 320/2,बी0टी0 गंज | श्री रमेश कुमार लखानी पुत्र हेमराज लखानी व चिराग लखानी पुत्र रमेश कुमार लखानी | श्रीमति श्वेता अरोरा पत्नि नितिन अरोडा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 78 | 447, आवास विकास | श्री राजीव अरोरा पुत्र भरत सिंह | श्रीमति शिक्षा देवी अरोरा पत्नि भरत सिंह अरोरा | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र, |
| 79 | 1006, रामनगर | श्रीमति नीना आहूजा पुत्री स्व0 पिशोरी लाल व सुनील अरोरा पुत्र स्व0 पिशोरी लाल व अनिल कुमार अरोडा पुत्र स्व0 पिशोरी लाल व जगदीश चन्द्र अरोडा पुत्र स्व0 पिशोरी लाल व अमन अरोरा पुत्र स्व0 सुभाष अरोरा व गगन अरोडा पुत्र स्व0 हरीशाचन्द्र अरोरा | श्री पिशोरी लाल पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द | शपथ—पत्र,मृत्युप्रमाण—पत्र, |
| 80 | 494/2, सत्ती | श्रीमति हसीबा पत्नि निसार | श्रीमति फरीदा खातून पत्नि नौशाद खान | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 81 | 32,आवास विकास | श्री मोहित कुमार पुत्र श्री सुशीलकुमार व श्रीमति मानसी कुमारी पत्नी श्री मोहित कुमार | वेद प्रकाश साहनी पुत्र श्री के सी साहनी | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 82 | 80(1),कानूगोयान | श्री सरदारी लाल पुत्र श्री राम शाह व श्री सुनील कुमार गुलाटी पुत्र श्री एस एल गुलाटी | श्री कौशल्या देवी सेतिया पत्नी श्री बलराज सेतिया | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |
| 83 | 372/1, 372/A | यश गोयल व आदित्य गोयल पुत्र मनोज गोयल | श्री मति बलविन्दर कौर पुत्री श्री जोगेन्द्र सिंह पत्नी श्री दमन पुनीत सिंह तथा श्री कृष्ण लाल आहुजा पुत्र स्वा0 मुलकराज आहूजा | शपथ—पत्र, विक्रय—पत्र, |

कर—लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर—अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

# बिनारसी में चली गोली, दो की मौत

## गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात, दो गंभीर, दर्जनों हिरासत में, पूछताछ जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** रुड़की के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिनारसी में हुई हिंसक घटना ने अब और गंभीर रूप ले लिया है। फायरिंग और बवाल के बाद जहां पहले एक युवक की मौत की पुष्टि हुई थी वहीं अब 45 वर्षीय एक और व्यक्ति की भी संदिग्ध हालात में मौत हो गई है जिसका शव खेत में पड़ा मिला जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देर रात दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद अब पुलिस की देख रेख में शव का अंतिम संस्कार भी किया गया वही पूरे मामले में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि इस घटना के संबंध में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की है। इस घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जिनके शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु



के कारणों की स्पष्ट पुष्टि होगी। घटना को लेकर प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद और पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। मामले में संलिप्त संदिग्धों के विरुद्ध

**❖एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल व एसपी देहात शेखर चंद सुयाल खुद रखे हुए हैं स्थिति पर नजर, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

सख्त कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है। आमजन से शांति बनाए रखने की अपील है अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर भी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर एंगल से जांच जारी है।

# तमंचा व दो जिंदा कारतूस सहित तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** तमंचा लहराते हुए पुलिस ने दो जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र की चौकी नारसन पुलिस को सूचना मिली कि एक बुलेट मो0 सा0 पर तीन युवक ग्राम मोहम्मदपुर मे तमंचा लहराते हुए जा रहे हैं सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नारसन द्वारा चेतक कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त युवकों को मौके से घेर घोटकर कर हिरासत लिया गया जिनकी तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा तथा 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए, अभियुक्त गणों को नियमानुसार मौके से गिरफ्तार किया गया कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया तनेजा पुत्र सुभाष ऋतिक पुत्र सुभाष दीपक पुत्र रफत सिंह निवासी ग्राम हरजौली जाट मंगलौर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है पुलिस टीम चौकी प्रभारी नारसन हेमदत्त भारद्वाज कांस्टेबल पंकज कुमार. कांस्टेबल सुधीर कुमार शामिल रहे।

# एसएनडीके पब्लिक स्कूल में लगा निःशुल्क वैक्सीनेशन कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की द्वारा सर्वाइकल कैंसर एवं रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल अशोक नगर मे किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राओं वैक्सीन लगाई अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 3080के गवर्नर रोटे रवि प्रकाश जी ने कहा कि रोटरी क्लब ने जिस तरह से सम्पूर्ण विश्व को पोलियो मुक्त करने का संकल्प लिया था उसी प्रकार आज की भाग दौड भरी जिंदगी और अनियमित खानपान के कारण अनेकों बिमारियों से आम जन ग्रसित हो रहे हैं जिसमें सर्वाइकल कैंसर, अन्य कैंसर के साथ साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती जा रही है। क्लब रुड़की की अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी जी अपनी टीम के साथ सतत कैंप लगाकर जागरूक कर वैक्सीनेशन करवा रही हैं।रोटे मुजीब मलिक ने रोटरी क्लब की इस सक्रियता के लिए आभार व्यक्त किया। सहायक गवर्नर रोटे डॉ अजय भार्गव जी ने कहा कि इसी कारण हमें भी सेवा का अवसर मिल जाता है।आज के कैंप में रोटे शालिनी प्रकाश, हर्ष प्रकाश काला, प्रधानाचार्य श्रीमती कुसुम काला,, प्रेम चंद सैनी, वन्दना मोहन, डॉ



संजीव सैनी,प्रो राजेश चन्द्रा,गार्गी काला, दिलीप प्रधान, विरेन्द्र जैन, प्रेम सरीन, निधि शांडिल्य, पूजा गुप्ता, सर्वेश गोस्वामी, एवं कई आर सी सी उपस्थित रही।आज एस एन डी के पब्लिक स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल, आर सी सी अशोक नगर, आर सी सी गणेश पुर, आरसीसी चावमण्डी, शेखपुरी आदि की आर सी सी अध्यक्षों का भी विशेष सहयोग रहा।

## ओवरलोड वाहनों के चलते बड़ा हादसा टला

# बच्चों से भरी स्कूल बस खेत में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र में खनन से जुड़े ओवरलोड भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही अब आमजन के लिए खतरा बनती जा रही है। सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब करीब 35 स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक निजी स्कूल बस सोहलपुर के पास सड़क से उतरकर खेत में जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार स्कूल बस सोहलपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर खड़े खनन से भरे एक ओवरलोड डंपर को बचाने/ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस सड़क किनारे खेत में गिर गई। बस के खेत में गिरते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में बस को भी खेत से बाहर निकलवाया गया।घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। मौके पर पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ता सोनू कश्यप, अजीम, अमीर, अंकित कुमार, मिथुन, समीर, मोहित सैनी और पंकज कुमार ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में खनन से भरे ओवरलोड डंपर लगातार दौड़ रहे हैं, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर खनन अधिकारी से लेकर उच्च अधिकारियों तक कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो वे संबंधित विभागों का घेराव करेंगे। उनका कहना है कि कलियर से बेडपुर, सोहलपुर और हद्दिवाला तक खनन वाहनों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।घटना ने एक बार फिर प्रशासन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# युवक के साथ मारपीट आंख फोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा-मंगलौर मार्ग सोमवार को कस्बे से कुछ ही दूर एक युवक के साथ कस्बे के ही दो युवको द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की आंख में काफी चोट बताई गई है। घायल युवक की तहरीर पर थाने में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी सनी पुत्र पप्पन द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह किसी काम से बाइक से ग्राम कुशालीपुर जा रहा था। कस्बे से कुछ ही आगे मंगलौर मार्ग पर कस्बा निवासी सुहेल अहमद व उसका दोस्त पप्पू अहमद द्वारा उसका रास्ता रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में पीड़ित की आंख में काफी चोट आई है। सड़क पर मारपीट होते देख वहां से आने जाने वाले लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को इकट्ठा होते देख मारपीट करने वाले बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# शराब पीकर हुड़दंग करने वाला दबोचा

**झबरेड़ा।** कस्बे के बस अड्डा के पास एक व्यक्ति को शराब पीकर गाली गलोच करते हुए हुड़दंग कर रहा था। पुलिस द्वारा रविवार देर शाम हुड़दंग कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शांति भँग मे कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि रविवार देर शाम कस्बा निवासी अंकित शराब पीकर कस्बे मैं स्थित बस अड्डा के पास अमर जवान चौक के पास वहां से आने जाने वालों को गाली गलौज करते हुए हुड़दंग मचा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा उक्त को समझने का प्रयास किया गया नहीं समझने पर भी पुलिस उक्त को थाने ले आई। उक्त के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई करते हुए उक्त को न्यायालय में पेश किया गया है।

## लक्सर पुलिस ने किया सन्नी हत्या का खुलासा : दोस्त ही निकाल कातिल

# गला दबाकर उतारा मौत के घाट, खेत में फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने सन्नी हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए उसके दोस्त रोहित उर्फ बालू को गिरफ्तार कर लिया है। कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल के कुशल नेतृत्व और लक्सर पुलिस की तत्परता से महज कुछ ही दिनों में इस अंधे कत्ल से पर्दा उठ गया है।

पुलिस ने आरोपी की निशांदेही पर गन्ने के खेत से सन्नी का शव बरामद किया ।5 दिन से लापता था मोबाइल बना मौत का कारण : बीती 30 जनवरी को रसूलपुर उर्फ कंकरखाता निवासी एक महिला ने अपने 20 वर्षीय पुत्र सन्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस जांच में सामने आया कि 27 जनवरी को सन्नी अपने दोस्त रोहित और राजा के साथ सुल्तानपुर गया था। वहां रोहित ने सन्नी के पहचान पत्र और कुछ नगदी का उपयोग कर किश्तों पर एक नया त्मकउप मोबाइल खरीदाशराब के नशे में हुआ विवाद और फिर वारदात मोबाइल खरीदने के बाद दोस्तों ने शराब पी। इसके बाद सन्नी और रोहित कुन्हारी स्थित ठेके से और शराब लेकर जंगल की तरफ चले गए। नशे की हालत में नए मोबाइल फोन को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि रोहित



ने आपा खो दिया और सन्नी की गला दबाकर हत्या कर दी साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसने शव को गन्ने के खेत में छिपा दियाढूंढने का नाटक करता रहा हत्यारोपीहैरानी की बात यह है कि हत्या करने के बाद आरोपी रोहित सामान्य रूप से घर लौट आया और गांव वालों के साथ मिलकर सन्नी को ढूंढने का नाटक करता रहा ताकि किसी को उस पर शक न हो। लेकिन पुलिस की सटीक पूछताछ और साक्ष्यों के आगे आरोपी टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस टीम की सफलता एसएसपी हरिद्वार के निर्देशानुसार गठित टीम जिसमें इंस्पेक्टर राजीव रौथाण, व.उ.नि. लोकपाल परमार, उ.नि. बीरेन्द्र सिंह नेगी और उनकी टीम शामिल थी इन्होंने इस गुत्थी को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ बालू (20 वर्ष) के खिलाफ धारा 103(1) और 238 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# राउमावि सालियर में कैरियर मंच का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालियर, रुड़की में आज कैरियर मंच का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कैरियर क्षेत्रों से संबंधित स्टॉल लगाकर अपने-अपने विषयों की जानकारी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालियर, रुड़की में आज कैरियर मंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सेना (सैनिक/अधिकारी) बनने की प्रक्रिया, आवश्यक तैयारी, शारीरिक व शैक्षिक योग्यताओं के बारे में



विस्तार से बताया। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने न्यायाधीश (जज) बनने के लिए आवश्यक शिक्षा, प्रमुख संस्थानों, परीक्षा प्रक्रिया तथा समाज में न्यायिक निर्णयों से आए परिवर्तनों की जानकारी साझा की।

कैरियर मंच में प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाएँ, अध्ययन रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग में भर्ती प्रक्रिया, मापदंड, शारीरिक व शैक्षिक अर्हताओं के विषय में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सायमा बानो, अर्चना सैनी, कैरियर गाइडेंस विशेषज्ञ यामिनी नागर तथा जिला कोऑर्डिनेटर जीशान अली उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र ममगाई ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की सोच विकसित होती है और वे अपने कैरियर के प्रति जागरूक होते हैं। उन्होंने कहा कि कैरियर मंच विद्यार्थियों को सही दिशा चुनने में सहायक सिद्ध होता है।

# गन्ना समिति के जर्जर भवन के स्थान पर बनेगा नया भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में समिति के पुराने जर्जर हो चुके भवन और खाद गोदाम के दिन बहुरने की आस जगी है। समिति बोर्ड की ओर से ऐसे भवन और गोदाम के स्थान पर नए भवन निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। विभाग से स्वीकृति मिलने पर यहां नए भवन का निर्माण शुरू किसा जाएगा। नगर में सहकारी गन्ना विकास समिति लक्सर के पुराने भवन जर्जर होने के बाद समिति के नए भवन का निर्माण कराया गया था। फिलहाल समिति का अधिकांश कामकाज नए भवन में संचालित हो रहा है लेकिन पुराने भवन में विभागीय कर्मचारियों के बैठने के साथ ही इसी भवन से लगे गोदाम में किसानों को खाद वितरित की जाती है। जर्जर हो चुके भवन में अब काम करने वाले कर्मचारियों और किसानों को सुरक्षा का डर सताने लगा है। समिति की बोर्ड बैठक में जर्जर भवन और गोदाम को ध्वस्त कर नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था। करीब 50 लाख की लागत से बनने वाले नए भवन निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण शुरू हो जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम विदुशी (Vidushi) व पुत्र का नाम युवी (Yuvi) दर्ज है जो गलत है जबकि मेरी बेटी का सही नाम विदुशी चौधरी (Vidushi Choudhary) व बेटे का नाम युवराज सिंह (Yuvraj Singh) है इसलिए भविष्य में मेरी पुत्री को विदुशी चौधरी व पुत्र को युवराज सिंह के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा, लिखा व दर्ज किया जाए।

प्रदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार नि. मौ. केशव नगर हाल नि. वार्ड 11 नगर पालिका लक्सर, हरिद्वार।

# एक वारंटी दबोचा

**रुड़की।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्टों की तामील कर अभियुक्तगण के विरुद्ध गंगनहर पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही मैं एक वारण्टी को धर दबोचा। वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमे गठित की गई है। गठित टीम द्वारा फरार चल रहे वारंटी को सफरपुर रुड़की से गिरफ्तार किया गया वारंटी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तारशुदा वारण्टी का नाम-सफीक पुत्र रसीद उर्फ काला निवासी सफरपुर है।

# भाजपाइयों ने किया संत शिरोमणि के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत रविदास के विचारों को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री बलवीर सिंह गुनियाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने भेदभाव रहित समाज की कल्पना की और अपने विचारों से समाज को नई दिशा दिखाई। आज जरूरत है कि हम उनके पदचिह्नों पर चलकर सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज को समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। भाजपा उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि संत रविदास ने कर्म और भक्ति के माध्यम से समाज सुधार का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें सेवा, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीटू सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज ने कमजोर और वंचित वर्ग को आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा दी। उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन मोहित राष्ट्रवादी ने किया।

# रविदास जयंती पर लंढौरा, लक्सर व भगवानपुर में निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/लक्सर/भगवानपुर।** संत शिरोमणि गुरू रविदास जयंती पर सोमवार को लंढौरा में निकाली गई शोभायात्रा में भव्य झांकियों के माध्यम से धार्मिक संदेशों को प्रस्तुत किया गया। वही पट्टा मंडली में बाल कलाकारों के करतबों ने सबका मन मोह लिया।

लंढौरा व क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयंती का पर्व श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को रविदास लीला समिति द्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में कलाकार हैरतअंगेज करतब दिखा रहे थे। शोभायात्रा का जगह जगह पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग रुड़की-लक्सर मार्ग, रंगमहल रोड़, मेन बाजार, मोहल्ला गड़रियान, गुज्जरवाड़ा, हजरत बिलाल से होती हुई शिव मंदिर पर समाप्त हुई सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शोभायात्रा में काका कर्णवाल, राहुल धारिवाल, देवेंद्र, रविंद्र मोर्य, सुंदर, अंकित ध



ारिवाल, अर्जुन किर्ती, जितेंद्र, राजा, पन्नालाल, मदन, राजेन्द्र जाटव, विरेंद्र बावरा, शक्ति सिंह पटेल, संदीप, सुभाष चंद्र, सभासद अजीत पटेल, सभासद प्रतिनिधि अनिल भगत आदि लोग मौजूद रहे।

**वहीं लक्सर** वार्ड नंबर एक व वार्ड नंबर आठ में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई है नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर एक के वरिष्ठ सभासद अरविंद कल्याणी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास बहुत ही पहुंचे हुए संत हुए हैं उन्होंने सभी को अच्छा रास्ता दिखाया है और सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है उन्होंने कहा आज नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 1 व आठ से जलूस के रूप में होते हुए डॉक्टर पप्पू के सामने से लक्सर बाजार लकसरी होते हुए सिमली तक सिमली से नगर पालिका परिषद ऑफिस के सामने से ओवरब्रिज पर आते हुए फिर अंबेडकर मूर्ति के पास जाकर शोभा यात्रा का समापन किया गया जिसमें सैकडो संत शिरोमणि गुरु रविदास के भक्त मौजूद रहे उन्होंने यह भी कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जीके बताए हुए रास्ते पर चलें और सभी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिए जिससे कोई भी किसी किस्म की एक दूसरे से नफरत ना रखें और भाईचारा बना रहे।

वहीं भगवानपुर में संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

मंगलवार, 3 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुरक्षा पर सवाल

लोकसभा में सोमवार को उस समय भारी हंगामा देखने में आया, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे का हवाला देते हुए यह कह डाला कि चार चीनी टैंक लद्दाख की सीमा में आ गए हैं। यह उस समय की बात है जब 2024 में चीनी सेना के साथ भारतीय सेना की डोकलाम में झड़प हो गई थी। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृहमंत्री अमित शाह ने उनको टोका। लोकसभा स्पीकर ने भी नियमों का हवाला देते हुए उनको ऐसा न कहने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। शोर-शराबा होते देख कई बार लोकसभा को स्थगित किया गया। अगर गिनती की बात करें, राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने 11 बार, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 4 बार, किरेन रिजिजू ने दो बार और अनुराग ठाकुर ने उनको 6 बार रोका, लेकिन राहुल गांधी यही कहते रहे कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए हैं। अपने दावे के रूप में उनका कहना था कि वह यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहे हैं, जिसमें पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब को कोट किया गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं, तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। इस पर राहुल अपनी चिर-परिचित आक्रामक शैली में आ गए और बोले कि आप सब ध्यान से सुनें इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। राहुल के अनुसार चार टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे और वे कुछ सौ मीटर ही दूर थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी बात पर अड़े रहे कि राहुल बताएं कि क्या यह किताब प्रकाशित हुई है या नहीं। इससे लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया। राहुल का दावा है कि नरवणे की किताब में रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है मैं यही बता रहा हूं। राहुल का यह भी कहना था कि जो मैं कहना चाह रहा हूं, यह सब पूर्व जनरल नरवणे ने कहा है, लेकिन उनकी किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया। इस पर अमित शाह ने कहा कि राहुल ने खुद ही कह दिया कि पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है अब बात ही खत्म हो जाती है। लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने राहुल का माइक ही बंद करा दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि यह चीन का सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, राहुल को पढ़ने देना चाहिए। असल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक किताब लिखी है जो अभी पब्लिश नहीं हुई है, इससे हार्ड कवर अप्रैल 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। इस किताब में भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना को रिव्यूव किया गया है। जाहिर है उनकी किताब तभी छप सकती है जब रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी नहीं दे रहा, तो सवाल तो उठेंगे ही।

## अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश



भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर व नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं, यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रूक नहीं रही हैं, फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके, पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**सुशील पाल**



**भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।


लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ए सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रूपए प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

**( लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )**

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दवाई ऐसी जो डेंगू से दे सकती है राहत

**फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ।**



जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया प्रयास में एक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया है जिससे डेंगू वायरस को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान टीकों की सीमाओं के मद्देनजर यह प्रयास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह एक विशेष किस्म का परीक्षण था जिसे मानव चुनौती परीक्षण कहते हैं। इसमें चंद स्वस्थ व्यक्तियों को पहले जानबूझकर वायरस से संक्रमित किया जाता है और फिर इलाज किया जाता है।

जेएनजे-1802 नामक इस दवा ने शुरुआती परीक्षणों में डेंगू संक्रमण को रोकने में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। 31 प्रतिभागियों पर इस दवा की उच्च खुराक वायरस के खिलाफ एक मजबूत ढाल साबित हुई। इसमें से कुछ प्रतिभागी तो संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रहे जबकि अन्य में वायरस की प्रतिलिपियां बनाने की दर काफी कम देखी गई। यह परिणाम अमेरिकन सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि जेएनजे-1802 वायरस के दो प्रोटीनों के बीच एक जरूरी अंतर्क्रिया को रोकने का काम करती है। डेंगू वायरस की प्रतिलिपियां बनने के लिए यह अंतर्क्रिया अनिवार्य होती है। वर्तमान डेंगू टीकों की तुलना में यह नया तरीका काफी प्रभावी है। पुराने टीकों के साथ समस्या थी कि महीनों तक इनकी कई खुराक लेना पड़ता था और तो और, मनुष्यों को संक्रमित करने वाले चार अलग-अलग डेंगू सीरोटाइप के खिलाफ यह टीके समान रूप से प्रभावी भी नहीं थे, लेकिन जेएनजे-1802 प्रकोप के दौरान जल्द से जल्द सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में यह डेंगू नियंत्रण का एक अमूल्य साधन बन सकता है। फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ। इस कारणवश इस संस्करण को टीके के विकास में नहीं लिया गया। फिर भी, जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक एना डर्बिन और उनकी टीम ने इस संस्करण को एक चुनौती के रूप में देखा। इस संस्करण से पीड़ित लोगों में उन्होंने लगातार वायरस प्रतिलिपिकरण पाया जो प्राकृतिक वायरस के जितनी प्रतिलिपियां बनाता था। इसके संपर्क में आने वाले 90 से 100 प्रतिशत व्यक्तियों में एक विशिष्ट प्रकार की फुंसियां बनती हैं। इससे श्वेत रक्त कोशिका और प्लेटलेट की संख्या कम तो होती है लेकिन खतरनाक स्तर तक नहीं। यहां एक आश्चर्य की बात यह है कि शोधकर्ताओं ने संक्रमित मच्छरों का उपयोग करने की बजाय वायरस को सीधे इंजेक्शन से देने का विकल्प क्यों चुना। इस मामले में डर्बिन ने स्पष्ट किया कि चयनित संस्करण मच्छरों के शरीर में कुशलतापूर्व प्रतिलिपियां नहीं बनाता था। यह बाह्य रोगियों पर अध्ययनों के लिए एक आदर्श था। इसके चलते मच्छरों द्वारा वायरस फैलाए जाने की चिंता नहीं रही। दूसरी बात यह है मच्छर द्वारा प्रसारित हो तो वायरस की सटीक मात्रा निर्धारित करना मुश्किल है। इंजेक्शन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी संक्रमित हो गए हैं। आने वाले समय में जेएनजे-1802 के विविध उपयोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रियों, सैन्य कर्मियों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोकथाम के एक उपाय के रूप में काम कर सकता है। इसके अलावा, शोधकर्ता सक्रिय डेंगू संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा की चिकित्सकीय क्षमता की खोज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी इस विषय में काफी काम बाकी है फिर भी इस अध्ययन के नतीजे एक ऐसे भविष्य की आशा प्रदान करते हैं जहां डेंगू का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार



**विनीत नारायण**



भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

इस समझौतेके तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं।


माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया'योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है।उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फ्रेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत ने बांग्लादेश की मदद घटाकर आधी की

## अब 60 करोड़ देंगे, मालदीव-म्यांमार का भी फंड कटा, भूटान को बढ़ाकर 2288 करोड़ किया



■ यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है
■ 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाक से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद में बड़ी कटौती की है। इस साल बांग्लादेश के लिए सिर्फ 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले साल 120 करोड़ रुपये दिए गए थे।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है। इसकी वजह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा और वहां की विदेश नीति में बदलाव है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं। बांग्लादेश के अलावा मालदीव को 550 करोड़ रुपये मिलेंगे, लेकिन यह पिछले साल से कम है। म्यांमार के लिए 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पहले से कम हैं। इस बजट में भारत ने भूटान के लिए 2288.55 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से करीब 138 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। भारत ने बजट में अफ्रीकी देशों के लिए 225 करोड़ रुपये, लैटिन अमेरिकी देशों के लिए 120 करोड़ रुपये और यूरेशियन देशों के लिए 38 करोड़ रुपये रखे हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि इन रीजन के किस देश को कितना पैसा दिया जाएगा। भारत सरकार ने 2026-27 के लिए विदेश मंत्रालय का कुल बजट करीब 22118 करोड़ रुपये रखा है। इसमें दफ्तर चलाने का खर्च और दूसरे जरूरी कामों का पैसा दोनों शामिल हैं। यह रकम पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय के तहत सचिवालय, विदेशों में बने दूतावास और मिशन, पासपोर्ट और इमीग्रेशन से जुड़े कामों पर भी पैसा खर्च होता है। इन सब पर सरकार करीब 9,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा भारत दूसरे देशों को आर्थिक मदद भी देता है। इसके लिए 2026-27 के बजट में 5685.56 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह रकम पिछले साल से लगभग 100 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल यानी 2025-26 में इस मद के लिए 5785.40 करोड़ रुपये रखे गए थे।

## लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया था। मैंडेलसन ने पार्टी के महासचिव को लिखे एक पत्र में लिखा कि इस सप्ताहांत जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे से मेरा नाम और जोड़ा गया है और मुझे इस पर अफसोस है। पत्र के कुछ हिस्से मीडिया में भी छपे।



शिमला। कुल्लू जिले में बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग सहित शीतकालीन और साहसिक खेलों का आनंद लेते पर्यटक।

## ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च के निर्माण का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है। ट्रम्प ने रविवार को एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च 'सबसे बड़ा' हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया। उन्होंने कहा, '200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे,' और राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्ताव को वैश्विक नजरिए से देखते हुए कहा कि दुनिया भर के लगभग 57 शहरों में पहले से ही ट्रायम्फल आर्च हैं।

# भारत-ईयू डील से पाक में एक करोड़ नौकरियां खतरे में

## पाकिस्तानी नेता बोलेः हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा



■ सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें

**इस्लामाबाद।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डालर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25 प्रतिशत ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं। पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66 प्रतिशत उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12 प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डालर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डालर का था।

अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे श्मदर ऑफ आल डील्सश कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की जीएसपी प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसम्बर 2027 में खत्म होने वाली है। अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो पाकिस्तान को यूरोप में मिलने वाली यह खास व्यापार सुविधा पूरी तरह खत्म हो सकती है। ईयू पाकिस्तान का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। ऐसे में पाकिस्तान के कारोबारी वर्ग को डर है कि इस समझौते के बाद वह यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ खो सकता है और दूसरे देशों से मुकाबला और कठिन हो जाएगा। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के प्रमुख कामरान अरशद ने कहा कि भारत अब यूरोपीय बाजार में काफी ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गया है। कई सेक्टर्स में पाकिस्तान की जीएसपी प्लस बढ़त खत्म हो चुकी है। एफपीसीसीआई के उपाध्यक्ष साकिब फैयाज मगून ने कहा कि जैसे ही भारत को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी, पाकिस्तान की बढ़त खत्म हो जाएगी और उसके निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार बाजार हाथ से निकल गया, तो उसे वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि जीएसपी प्लस योजना पाकिस्तान और ईयू दोनों के लिए फायदेमंद रही है। इसके जरिए यूरोप को सस्ते कपड़े और रेडीमेड सामान की लगातार आपूर्ति मिलती रही है। उन्होंने बताया कि जीएसपी प्लस का मुद्दा पिछले साल हुई रणनीतिक बातचीत में उठा था और इसके बाद ईयू और उसके सदस्य देशों के साथ कई बैठकों में इस पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान इस मामले को ब्रसेल्स स्थित ईयू के मुख्यालय और अलग-अलग सदस्य देशों के साथ लगातार उठा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी।

## बलूचिस्तान में महिला फिदायीन हमला पाक के 200 से ज्यादा जवान हताहत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-सेकेंड' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं। इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया।

## ब्रिटेन प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीर भेजी

■ बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा, सर्वाइवर बोलीः शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसम्बर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंडर्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं, जब एंड्रयू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसम्बर 2011 को 'एचआरएच द डयूक ऑफ यार्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था। इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी। कार्ड पर एंड्रयू के साइन थे। एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक महिला के वकील ने बीबीसी न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था। वकील के मुताबिक, यह कथित घटना साल 2010 की है। महिला और एंड्रयू की मुलाकात उनके निजी निवास रायल लाज में हुई थी। महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्रयू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई। बीबीसी ने इस मामले पर एंड्रयू से प्रतिक्रिया मांगी है। आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से ठठब उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका। यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंड्रूय से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है।

## न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई है। महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी। 25 जनवरी को आए भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गए। ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है। बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नए उपाय भी अपनाए गए हैं। बेघर लोगों के लिए नए एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जाएंगे।

## तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई



■ चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे, महिलाओं को प्रेग्नेंसी और मिसकैरेज में इलाज नहीं मिल पा रहा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डाक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे।


देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डाक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई जगहों पर सीधे पुरुष डाक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था। इसके बाद से वहां महिलाओं की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए कई कानून लागू किए गए हैं। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था।

## पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। श्चेपान्स्की ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं।

# नार्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर कहा

## यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से कहा थाः इंडियन और सांप मिलें, तो पहले इंडियन को मारो



**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे राड-लार्सन का 25 दिसम्बर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है।

दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फारवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो। हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी। यह मुलाकात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है। वहीं, नवाज शरीफ ने साइंस और टेक्नीक को आगे बढ़ाने को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने खास तौर पर युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में नौकरियां पैदा करने, टेक्नोलाजी एक्सपोर्ट बढ़ाने, ई-गवर्नेंस और टेक पार्क बनाने की बात कही थी। लार्सन एक नार्वेजियन डिप्लोमेट रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीटयूट के अध्यक्ष थे और यूएन में भी काम कर चुके हैं। साल 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफी एपस्टीन से जुड़ा था। हाल ही में जब टेर्जे रोड-लार्सन से जब जेफी एप्स्टीन से जुड़े मामलों पर सवाल पूछे गए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस पूरे मामले में वे लगातार मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी



■ ट्रम्प ने कहाः हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रम्प ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जाएगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

## रूस ने यूक्रेन से संचालित धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटर को किया बंद

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूसी पुलिस ने लेनिनग्राद क्षेत्र में यूक्रेन से संचालित हो रहे कॉल सेंटर को बंद करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रूस के पश्चिम में यह दूरसंचार केंद्र यूक्रेन के जालसाज संचालित कर रहे थे। रूसी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस संबंध में सेंट पीटर्सबर्ग से दो संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध यूक्रेन में मौजूद कॉल सेंटरों से अगस्त 2025 से संपर्क में थे। वे अंतर्राष्ट्रीय कॉल लगाने के लिए सिम बॉक्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जो कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपा लेता है। पुलिस ने कहा कि यह कॉल सेंटर हर दिन 5000 से ज्यादा लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल करता था।





